दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 104 जयपुर, शनिवार, 23 मार्च, 2024 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष- चतुर्दशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## निर्माणकर्ताओं के साथ आमजन को भी राहत : हाई कोर्ट ने 22 बड़े ब्लॉक की बजरी नीलामी से हटाई रोक

# EC की इजाजत से 6 जिलों में हो सकेगी बजरी नीलामी शुरू


**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश में बजरी नीलामी से गुरुवार को रोक हटा दी। रोक हटने से निर्माणकर्ताओं को बड़ी राहत मिली है। बजरी से रोक हटने से प्रदेश के 6 जिलों में अब फिर से नीलामी प्रक्रिया शुरु हो सकेगी। हालांकि लोकसभा चुनाव को लेकर लगी आचार संहिता के कारण खान विभाग को नीलामी प्रक्रिया नए सिरे से शुरु करने के लिए निर्वाचन विभाग से अनुमति लेनी होगी। प्रदेश में भीलवाड़ा, राजसमंद, ब्यावर, टोंक, जालोर और नागौर में कुल 22 बड़े बजरी के ब्लॉक की नीलामी से रोक हटाई गई है। 4 मार्च को हाईकोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई के बाद बजरी नीलामी पर रोक लगा दी थी। यह नीलामी 12 से 14 मार्च के बीच होनी थी। वहीं, जयपुर में बजरी सप्लाई प्रभावित होने से कीमतें बढ़ रही हैं। जानकारी के अनुसार राजस्थान हाईकोर्ट, जोधपुर में सत्य स्वरूप सिंह जादौन नाम के व्यक्ति ने याचिका लगाई थी। इसमें कहा था कि इसकी डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट जारी नहीं की गई। इस रिपोर्ट में यह होता है कि जहां माइनिंग हो रही है, उस ब्लॉक और उसके आसपास कितना मिनरल है।

### ■ राज्य सरकार को 300 करोड़ रुपए से ज्यादा का रेवेन्यू मिलने की उम्मीद

### आमजन को मिलेगा फायदा

नीलामी से रोक हटने से 34 हेक्टेयर से लेकर 100 हेक्टेयर जमीन तक की लीज जारी की जाएगी। राज्य सरकार को इस ऑक्शन से 300 करोड़ रुपए से ज्यादा का रेवेन्यू मिलने की उम्मीद है। जबकि आमजन को 40 टन के एक ट्रक पर करीब 15 हजार रुपए का फायदा हो सकता है। भीलवाड़ा, राजसमंद, ब्यावर, टोंक, जालोर और नागौर जिले में ब्लॉक आवंटित किए जाएंगे। जो बनास और लूनी नदी में होंगे। सरकार ने बिड में जो शर्तें निर्धारित की हैं, उन्हें देखकर उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार लोगों को बजरी बहुत सस्ती दर पर उपलब्ध हो सकती है।



### 4 मार्च को लगाई गई थी रोक

तत्कालीन गहलोत सरकार ने इस बिड को तैयार करने के बाद 7 दिसंबर 2023 को जारी किया था, लेकिन सरकार बदलने के बाद भजनलाल सरकार ने इस पर 16 दिसंबर को रोक लगा थी। करीब 2 माह बाद फरवरी में भजनलाल सरकार ने इस पर बिड वापस करने का निर्णय किया। लेकिन, 4 मार्च को हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी। इस कारण बिडिंग में देरी हो गई।

### सप्लाई कम... बजरी की कीमतें आसमान पर

वर्तमान में प्रदेश में 45 ब्लॉक चालू हैं, जिनसे खनन हो रहा है। इनमें से जून 2024 तक 25 ब्लॉक से खनन बंद हो जाएगा, क्योंकि उन ब्लॉक की लीज खत्म हो जाएगी। टोंक में अभी खनन बंद है। जयपुर में सबसे ज्यादा बजरी टोंक से ही सप्लाई हो रही है। जो अब स्टॉक से हो रही है। जयपुर में सप्लाई प्रभावित होने से बजरी की कीमतें बढ़ रही हैं। दरअसल, फरवरी में टोंक में अवैध खनन पर हुए ड्रोन सर्वे में 16 लाख 18 हजार टन अवैध बजरी खनन का खुलासा हुआ था। इसके बाद खनन बंद कर दिया था।

## जरूरी खबर

### 28 मार्च तक ईडी की रिमांड में रहेंगे केजरीवाल



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कोर्ट ने 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया है। जिसके बाद आप नेता और कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि भाजपा ईडी के पीछे से चुनाव लड़ना चाहती है। आज तक, ईडी को आप नेताओं के खिलाफ अपराध से अर्जित कोई आय नहीं मिली है। यह देश के लोकतंत्र के इतिहास में एक काला दिन है। इस दिन जो लोकतंत्र की हत्या हुई है उसे देश की जनता देख रही है। इस बीच, दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज समेत 21 कार्यकर्ताओं को बवाना थाने से रिहा किया गया।

### मॉस्को में बड़ा आतंकी हमला, 40 से ज्यादा मौत... 100 घायल

**मॉस्को।** मॉस्को के पास एक कॉन्सर्ट हॉल में शुक्रवार को लड़ाकू वर्दी पहने 5 बंदूकधारियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई और 100 से ज्यादा लोग बुरी तरह घायल हो गए। रिपोर्ट के अनुसार रूसी राजधानी के पश्चिमी छोर पर स्थित क्रोकस सिटी हॉल में बंदूकधारियों ने गोलीबारी की। बाद में विस्फोट की आवाजें भी सुनाई दीं और कॉन्सर्ट हॉल आग की लपटों में घिरा दिखा।

### एयर इंडिया भरेगी 80 लाख रुपए का जुर्माना



**नई दिल्ली।** विमानन क्षेत्र के नियामक DGCA ने एयर इंडिया पर शुक्रवार को भारी जुर्माना लगाने का फैसला लिया। रिपोर्ट के मुताबिक टाटा समूह के नियंत्रण वाली एयर इंडिया पर 80 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। यह फाइन उड़ान सेवा अवधि सीमित करने के लिए लगाया गया है। साथ ही, इस विमानन कंपनी पर चालक दल के लिए थकान प्रबंधन प्रणाली से संबंधित मानकों को नजरअंदाज करने का आरोप है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने जनवरी में एयर इंडिया का मौके पर ऑडिट किया था।

## SI भर्ती परीक्षा में पांच जिलों से ही 314 चयनित

# महिला अभ्यर्थी कर रहीं परीक्षाओं में 'फर्जीवाड़ा'

### ■ सांचौर, जालोर, करौली, बाड़मेर, बांसवाड़ा व डूंगरपुर में हुई सबसे ज्यादा गड़बड़ी

### ■ सवाल: अभ्यर्थियों के माफियाओं से सीधे संपर्क या बिचौलिए अभी गिरफ्त से दूर!

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में सरकारी नौकरी की चाहत में पुरुषों के साथ महिला अभ्यर्थी भी फर्जीवाड़ा करने में पीछे नहीं है। कई महिला अभ्यर्थियों ने संगठित गिरोह के साथ परीक्षा में दस्तावेजों में हेराफेरी से लेकर लीक हुए पेपर खरीद कर परीक्षा पास की। इनमें सांचौर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, उदयपुर, जालोर व करौली जिलों की महिला अभ्यर्थी शामिल हैं।

अलबत्ता, बड़ा सवाल है कि क्या महिला अभ्यर्थियों के इन पेपर लीक माफियाओं से सीधे संपर्क थे या फिर किसी बिचौलिए के मार्फत इन पेपर लीक माफियाओं तक पहुंची है। खास बात है कि महिला अभ्यर्थियों के पास पेपर खरीदने के लिए इतनी मोटी रकम कहां से आई।

इस पूरे मामले में महिला अभ्यर्थियों के परिजनों की भूमिका होने से भी इनकार नहीं किया जा सकता है, क्योंकि सॉल्व्ड पेपर पढ़ाने के लिए प्रति अभ्यर्थियों से पेपर लीक माफियाओं से 10 लाख रुपए से 20 लाख रुपए तक की राशि वसूल की है। हालांकि इस बिंदु पर एसओजी ने भी अभी तक जांच नहीं की है। अगर एसओजी के अधिकारी इन बिंदुओं पर भी जांच करते हैं तो कई चौंकाने वाले खुलासे सामने आएंगे। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि कई अभ्यर्थियों के परिजनों ने जमीन व प्लॉट बेचकर और ब्याज पर परिचितों से लाखों रुपए की नकदी माफियाओं को पेपर के लिए दी है।



### सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा अभी भी कई रडार पर

आरपीएससी द्वारा आयोजित हुई एसआई 2021 भर्ती परीक्षा के पेपर लीक के मामले में एसओजी अब तक चंचल विश्नोई, भगवती विश्नोई, राजेश्वरी, नारंगी कुमारी, प्रेमसुखी, एकता कुमारी को गिरफ्तार कर चुकी है। किसी बड़ी परीक्षा में पहली बार महिला अभ्यर्थियों की गिरफ्तारी हुई है। एसओजी की जांच में 55 ट्रेनी सब इंस्पेक्टर और राडार पर है। इनमें महिला अभ्यार्थी भी शामिल है।

### 557 संदिग्धों में 314 तो सिर्फ पांच जिलों से

आयोग ने हाल में राज्य के 557 संदिग्ध अभ्यर्थियों को चिह्नित किया था। इनमें से सांचौर के 129, बांसवाड़ा के 99, जालोर के 27, करौली के 28 और डूंगरपुर के 31 अभ्यर्थी हैं। यानी पांच जिलों के 314 और शेष 243 अभ्यर्थी अन्य जिलों के हैं। पड़ताल में सामने आया कि चयनित सभी ट्रेनी एसआई को फिर से वहीं पेपर देकर टेस्ट लिया गया है। उस टेस्ट में सभी अभ्यर्थियों के अंक कम आए हैं। कई अभ्यर्थियों के अंक तो आधे से ज्यादा कम हो गए। ऐसे में पूरी भर्ती परीक्षा पर ही सवाल उठने लगे है।

### इनमें भी हो चुकी महिला अभ्यार्थियों की गिरफ्तारी

प्राध्यापक हिंदी (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी भर्ती 2022 में सांचौर जिले की अभ्यर्थी कमला कुमारी और ब्रह्माकुमारी ने मेवाड़ यूनिवर्सिटी के फर्जी लेटर हेड के अलावा शपथ पत्रों से गुमराह किया। दोनों ने कभी ई-मित्र संचालक की गलती बताई तो कभी खुद को गंभीर बीमार-सूचना देरी से मिलने का बहाना बनाया, लेकिन आयोग ने दोनों का फर्जीवाड़ा पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई कर दी है। जबकि वर्ष 2022 में उदयपुर में सेकंड ग्रेड टीचर भर्ती के पेपर लीक मामले में 57 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। भरी बस में पकड़े इन लोगों में पुरुषों सहित महिला अभ्यर्थी भी थीं। वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा विभाग) भर्ती 2022 करीब 15 से ज्यादा अभ्यर्थियों को डमी कैंडिडेट बैठाने के मामले में पकड़ा। अभ्यर्थियों ने प्रवेश पत्रों में फोटो बदल अपनी जगह डमी कैंडिडेट बिठाए।

## आरएएस-प्री 2023 में विवादित प्रश्नों से जुड़ा मामला

# हाई कोर्ट ने रिजल्ट को चुनौती देने वाली याचिकाएं की खारिज

**बेधड़क** | जयपुर

RAS एवं अधीनस्थ सेवा भर्ती 2023 से जुड़े मामले में हाई कोर्ट ने शुक्रवार को प्री परीक्षा के परिणाम को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया। जस्टिस समीर जैन की अदालत ने कीर्ति पारीक, प्रेमाराम और अन्य की याचिकाओं को खारिज करने का फैसला सुनाया है। इन याचिकाओं में प्री परीक्षा के करीब 17 विवादित प्रश्नों को चुनौती दी गई थी।

**जवाब सही, लेकिन आंसर की में माना गलत:** याचिकाकर्ताओं के अनुसार मॉडल आंसर-की में उनके जवाब को आयोग ने सही माना था, लेकिन जब परिणाम के साथ फाइनल आंसर-की जारी की गई तो उसमें उनके जवाब गलत मान लिए गए, जिससे वे मुख्य परीक्षा से बाहर हो गए। याचिकाकर्ताओं की मांग थी कि कोर्ट विवादित प्रश्नों को लेकर कमेटी का गठन करें और उसी आधार पर प्री परीक्षा का परिणाम फिर से जारी करने का आदेश दे। अदालत ने विवादित प्रश्नों से जुड़ी करीब 55 याचिकाओं पर सुनवाई के बाद फैसला रिर्जव रख लिया था और शुक्रवार फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया।




### करीब 905 पदों पर होनी है भर्ती

याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने बताया कि आरएएस भर्ती 2023 में आरएएस, आरटीएस और अन्य 905 पदों पर भर्ती होनी हैं। आरपीएससी ने 28 जून 2023 को इसका विज्ञापन जारी किया था। 1 अक्टूबर को प्रारम्भिक परीक्षा पूरे प्रदेश में आयोजित हुई थी। आयोग ने 20 अक्टूबर को प्री एग्जाम का परिणाम भी जारी कर दिया था। इसके साथ ही फाइनल आंसर की भी जारी की थी। प्री एग्जाम में लाखों अभ्यर्थी शामिल हुए थे।

### जुलाई में होगी मुख्य परीक्षा

प्री परीक्षा के बाद आयोग ने 27 जनवरी 2024 को मुख्य परीक्षा की तिथि तय की थी। जिसे आगे बढ़ाने के लिए अभ्यर्थियों ने आंदोलन भी किया था। इसके बाद 18 जनवरी 2024 को हुई भजनलाल कैबिनेट की पहली बैठक में सरकार ने मुख्य परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने को मंजूरी दे दी थी। आयोग ने जुलाई में मुख्य परीक्षा आयोजित कराने का निर्णय लिया है। 26, 27 और 28 जुलाई को प्रदेश में मुख्य परीक्षा आयोजित होगी।

### CPM के अमराराम होंगे सीकर से 'इंडिया' के प्रत्याशी

**जयपुर।** सीकर लोकसभा सीट से सीपीएम के अमराराम 'इंडिया' गठबंधन के प्रत्याशी होंगे। कांग्रेस ने गुरुवार को गठबंधन के तहत सीकर सीट सीपीएम के लिए छोड़ने का फैसला किया था।



इसके बाद शुक्रवार को सीपीएम ने अमराराम को उम्मीदवार घोषित किया। यहां बीजेपी ने दो बार के सांसद सुमेधानंद सरस्वती को तीसरी बार टिकट प्रदान किया है। जाहिर है, सीकर सीट पर इस बार सुमेधानंद सरस्वती और धोद से कई बार विधायक रहे अमराराम के बीच मुकाबला होगा।

## आईपीएल 2024 में धमाकेदार शुरुआत

# सीएसके ने आरसीबी को 6 विकेट से हराया



**बेधड़क** | बेंगलुरु

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के नए सीजन की शुरुआत हो गई है। पहले ही मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स आमने-सामने हैं। सीएसके के खिलाफ आरसीबी की टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। 20 ओवर में आरसीबी ने 6 विकेट पर 173 रन बनाए। सीएसके ने आठ बॉल शेष रहते 174 रन बनाकर छह विकेट से शानदार जीत हासिल कर ली। सीएसके की जीत के हीरो बांग्लादेशी मिडियम फास्ट बॉलर मुस्ताफिजुर रहमान रहे, जिन्होंने चार विकेट लिए।

## ISRO की एक और बड़ी सक्सेस

# हमारी तकनीक पर मुहर... पहले रियूजेबल रॉकेट का सफल परीक्षण

- इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ और अन्य वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद
- इसरो ने एक बयान जारी कर इस परीक्षण को बताया बड़ी कामयाबी
- नेवीगेशन, कंट्रोल सिस्टम, लैंडिंग गियर और डिक्लेरेशन सिस्टम की सफलता

**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 'पुष्पक' नामक अपने पहले यानी पुनः इस्तेमाल होने वाले (रियूजेबल) पहले लॉन्च वाहन (रॉकेट) के लैंडिंग मिशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है।

यह परीक्षण शुक्रवार को कर्नाटक के चित्रदुर्ग के पास चल्लकेरे में एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) में सुबह 7:10 बजे पर किया गया। यह इस श्रृंखला का दूसरा परीक्षण है। प्रक्षेपण स्थल पर इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। रियूजेबल लॉन्च व्हीकल की सफल लैंडिंग पर इसरो ने बयान जारी कर रियूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक के मामले में इसरो ने बड़ी कामयाबी हासिल करने का दावा किया है।




### पहले दो परीक्षण भी रहे थे सफल

इसरो इससे पहले भी दो बार रियूजेबल लॉन्च व्हीकल की सफल लैंडिंग करा चुका है। बीते साल इसरो ने रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल के परीक्षण के दौरान आरएलवी को वायुसेना के चिनूक हेलिकॉप्टर से करीब साढ़े चार किलोमीटर की ऊंचाई से छोड़ा गया। परीक्षण के दौरान आरएलवी ने सफलतापूर्वक रनवे पर लैंड किया। आरएलवी ने ब्रेक पैराशूट, लैंडिंग गियर ब्रेक और नोज व्हील स्टीयरिंग सिस्टम की मदद से सफल लैंडिंग की। रियूजेबल लॉन्च व्हीकल की सफल लैंडिंग से इसरो द्वारा विकसित की गई तकनीक जैसे नेवीगेशन, कंट्रोल सिस्टम, लैंडिंग गियर और डिक्लेरेशन सिस्टम की सफलता पर भी मुहर लग गई है।

### लॉन्चिंग व्हीकल 'पुष्पक' की खूबियां

- पुष्पक पुन: इस्तेमाल होने वाला एक लॉन्चिंग विमान है। यह पंखों वाला हवाई जहाज जैसा दिखने वाला विमान है। इसकी लंबाई 6.5 मीटर है और वजन 1.75 टन है। यह विमान रोबोटिक लैंडिंग क्षमता से लैस है।
- ऑन बोर्ड नेविगेशन सिस्टम रनवे के आसपास की बाधाओं को पार करने के लिए 350 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज गति से यह लैंडिंग करने में सक्षम है।
- ये अंतरिक्ष तक पहुंच को किफायती बनाने में कारगर साबित हो सकता है। इसका ऊपरी हिस्सा सबसे महंगे उपकरणों से लैस है। इसे धरती पर वापस लाकर रियूजेबल बनाया जा सकता है।

### इसरो ने क्या लिखा

इस परीक्षण के बाद ISRO ने एक्स पर लिखा, "इसरो ने एक बार फिर कमाल किया! पुष्पक (RLV-TD), पंखों वाला वाहन, ऑफ-नोमिनल स्थिति से मुक्त होने के बाद रनवे पर सटीकता के साथ स्वतंत्र रूप से उतरा।" इसके साथ ही इसरो ने कहा कि उसने 'आरएलवी एलईएक्स-02' लैंडिंग प्रयोग के माध्यम से पुन: इस्तेमाल होने वाले प्रक्षेपण यान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अंतरिक्ष एजेंसी ने एक बयान में बताया कि पिछले साल किए गए आरएलवी-एलईएक्स-01 मिशन के बाद आरएलवी-एलईएक्स-02 ने हेलीकॉप्टर से छोड़े जाने के बाद पुन: प्रयोज्य प्रक्षेपण यान (आरएलवी) की स्वायत्त लैंडिंग क्षमता का प्रदर्शन किया। बयान में कहा गया है, "आरएलवी को फैलाव के साथ अधिक कठिन करतब करने, 'क्रॉस-रेंज' एवं 'डाउनरेंज' दोनों को सही करने और पूरी तरह से स्वायत्त मोड में रनवे पर उतरने के लिए बनाया गया है।"

## जरूरी खबर

### अर्थ आवर डे पर एक घंटे बिजली बंद रखने की अपील



**जयपुर।** अर्थ आवर डे के मौके पर शनिवार को राजभवन में रात्रि 8.30 बजे से 9.30 बजे तक सभी गैर-जरूरी बिजली उपकरण बंद रखे जाएंगे। राज्यपाल कलराज मिश्र ने आम जन से भी अपील की है कि एक घंटे के लिए गैरजरूरी लाइट्स को बंद रखकर अर्थ आवर डे में सभी सहभागिता निभाएं। उन्होंने कहा कि इससे सामूहिक तौर पर ऊर्जा संरक्षण की दिशा में हम सार्थक पहल कर पाएंगे। पर्यावरण संरक्षण के लिए भी यह हम सबकी महती पहल होगी।

### नव मतदाताओं को मतदान के लिए किया प्रेरित

**जयपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को जयपुर के रामबाग स्थित सुबोध स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में नव मतदाताओं एवं शिक्षकों को आगामी 19 अप्रैल एवं 26 अप्रैल को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर स्टूडेंट्स ने मैं भारत हूं गीत पर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। साथ ही मैं हूं भारत का भावी मतदाता जैसे स्लोगन के जरिय अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प भी लिया। जिला स्वीप टीम ने कार्यक्रम में मौजूद सैकड़ों स्टूडेंट्स एवं शिक्षकों को सी-विजिल, वीएचए, सक्षम एवं केवाईसी एप की जानकारी दी।

### लोकेश शर्मा ने कांग्रेस के खिलाफ फिर दिया बयान



**जयपुर।** लोकसभा चुनाव से पहले राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत के विशेषाधिकारी रहे लोकेश शर्मा ने कांग्रेस पर फिर बड़ा हमला बोला है। लोकेश शर्मा ने कहा कि चापलूसों से घिरे रहने के कारण राजस्थान में अशोक गहलोत सरकार रिपीट नहीं हुई। कुछ अपरिपक्व और चापलूस किस्म के लोग गहलोत ने अपने आसपास इकट्ठे कर लिए थे, इस वजह से जो जमीनी सच्चाई थी, वो उन तक पहुंच ही नहीं पाई। उसका जो नतीजा रहा, वो आज सभी के सामने है। कांग्रेस की सरकार रिपीट होने की शत-प्रतिशत उम्मीद थी क्योंकि यहां सरकार ने बहुत अच्छा काम किया था। उन्होंने भाजपा के 400 सीटें जीतने के दावे भी खोखले बताए।

आगामी दिनों में पारे में बढ़ोतरी की संभावना, 26 तक बदल सकता है मौसम

# तपने लगा पश्चिमी राजस्थान, बाड़मेर में 39 डिग्री पहुंचा तापमान

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरु कर दिए हैं। खासतौर पर पश्चिमी राजस्थान में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचने लगा है।

बाड़मेर, जैसलमेर और जिले में तो गर्मी ने लोगों के पसीने छुड़ा दिए। वहां का तापमान 38 से 39 डिग्री सेल्सियस पार होने लगा है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में तापमान के 40 डिग्री होने की संभावना जताई है। शुक्रवार को प्रदेश के बाड़मेर में पारा 39 डिग्री के पार पहुंच गया।

इसी प्रकार विभिन्न जिलों में भी पारे में तेजी देखी गई। बाड़मेर, जैसलमेर, जालोर और जोधपुर में दिन में झुलसा देने वाली गर्मी रही। इन जिलों में दिन का तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, धुलंडी तक यहां तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा सकता है।



### फिर बदलेगा मौसम, बारिश के संकेत

मौसम विभाग ने इस चिलचिलाती गर्मी के बीच बारिश की संभावनाएं भी जता दी है। अधिकारियों का कहना है कि परिसंचरण में थोड़ा बदलाव होता नजर आ रहा है। ऐसे में संभावना है कि 26 और 27 मार्च को प्रदेश के उत्तर पश्चिम क्षेत्र में मेघ गर्जन के साथ हल्की बारिश और बूंदाबांदी होने के आसार है। जिन क्षेत्रों में बूंदाबांदी हो सकती है। उधर ठंडी हवाएं भी चलेंगी जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिलने की भी संभावना है।

### 10 जिलों का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा

पश्चिमी राजस्थान सहित राजस्थान के 10 जिलों का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से पार पहुंच गया है। राजधानी जयपुर में तापमान स्थिर रहा। यहां न्यूनतम तापमान 19.6, जबकि अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जैसलमेर में 38.4 डिग्री सेल्सियस और जालौर में भी 38.0 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। पिलानी (सीकर), जोधपुर, बीकानेर, चूरू, डूंगरपुर और सिरोही जिले का तापमान भी 35 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। सिरोही में 35.6, श्रीगंगानगर में 34.8, अजमेर में 34.1, कोटा में 33.8, डबोक में 33.6, अलवर में 32.2, सवाई माधोपुर 31.9, धौलपुर में 31.6, संगरिया में 31.1, माउंट आबू में 27.0 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज कया गया।

जयपुर में भाजपा मुख्यालय के बाहर 'आप' का प्रदर्शन

# केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध, पुलिस का लाठीचार्ज

- बैरिकेड्स लगाकर रोका, प्रदेशाध्यक्ष सहित कई कार्यकर्ताओं को आई चोटें
- BJP सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

बेधड़क | जयपुर

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उत्तर भारत के कई राज्यों में आप आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। जयपुर में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सहकार मार्ग स्थित कार्यालय से रैली के रूप में रवाना होकर भाजपा मुख्यालय पहुंच गए। देखते ही देखते दर्जनों आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता बीजेपी मुख्यालय के बाहर जमा हो गए और नारेबाजी करने लगे। पुलिस ने रोकने कोशिश की लेकिन 'आप' के कार्यकर्ता बैरिकेड्स तोड़कर बीजेपी मुख्यालय में घुसने की कोशिश करने लगे। इस पर पुलिस ने लाठीचार्ज करके प्रदर्शन करने वालों को खदेड़ दिया। अचानक हुए लाठीचार्ज से बीजेपी मुख्यालय के बाहर अफरा तफरी का माहौल बन गया। प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष नवीन पालीवाल भी मौजूद थे। अचानक हुए लाठीचार्ज के दौरान नवीन पालीवाल सहित कई कार्यकर्ताओं को चोटें लगी है। पुलिस ने दौड़ा दौड़ा कर मारा और बीजेपी कार्यालय से दूर भगाया। करीब आधा दर्जन से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया। पुलिस का कहना है कि बिना अनुमति के अचानक विरोध प्रदर्शन करने आ गए और जबरन बीजेपी मुख्यालय में घुसने की कोशिश की तो उन्हें खदेड़ा गया।





### बीजेपी कार्यालय में चल रही थी बैठक

जब आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे थे। उस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बीजेपी मुख्यालय में थे। लोकसभा चुनाव के प्रभारी डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धि बैठक ले रहे थे जिसमें पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे। अचानक पार्टी कार्यालय के बाहर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान अफरा तफरी मची और फिर पुलिस ने लाठीचार्ज करके आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को खदेड़ा।

### लोकतंत्र को खत्म कर रही है केंद्र सरकार: पालीवाल

प्रदर्शन के दौरान आप के प्रदेशाध्यक्ष नवीन पालीवाल ने कहा कि केंद्र में बैठी भाजपा सरकार लोकतंत्र को खत्म करने का प्रयास कर रही है। एक चुने हुए मुख्यमंत्री को षड़यंत्र के तहत फंसाया जा रहा है। केजरीवाल देश के पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने पारदर्शी सरकार चलाकर बहुत कम समय में बड़ी पहचान बनाई है। केजरीवाल की लोकप्रियता को मोदी पचा नहीं पा रहे हैं। ऐसे में उनके इशारे पर ईडी उन्हें गलत तरीके से फंसा रही है। पालीवाल ने कहा कि केजरीवाल की छवि देश में सबसे ईमानदार मुख्यमंत्री में है। इसके बावजूद उन्हें जबरन जेल में डाल दिया गया है। केंद्र सरकार की इस तानाशाही को देश की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी।

सात लोकसभा सीटों पर भरा पर्चा

# प्रदेश में 9 प्रत्याशियों ने भरे 10 नामांकन, 27 तक चलेगी प्रक्रिया

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव-2024 के तहत प्रथम चरण के 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए प्रत्याशियों के नामांकन की प्रक्रिया जारी है। अब तक 7 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 9 प्रत्याशियों ने 10 नामांकन पत्र प्रस्तुत किए हैं। शुक्रवार को कुल 7 प्रत्याशियों ने नामांकन प्रस्तुत किए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार को गंगानगर, बीकानेर, झुंझुनू, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर और दौसा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 1-1 प्रत्याशी ने अपने नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए हैं। नामांकन के तीसरे दिन जयपुर लोकसभा क्षेत्र में रामवतार सांवरिया ने बतौर निर्दलीय व शशांक ने राइट टू रिकॉल पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन किया।

तीन दिन में जयपुर निर्वाचन क्षेत्र में 2 प्रत्याशियों ने कुल 3 नामांकन दाखिल किए हैं। वहीं, जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में शुक्रवार को दशरथ कुमार ने अम्बेडकराइट्स पार्टी ऑफ इंडिया (एपीओआई) पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन दाखिल किया। इस प्रकार विगत तीन दिवस दिवसों में जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 2 प्रत्याशियों ने कुल 2 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए हैं।

इस प्रकार चार प्रत्याशियों ने नामांकन भरें है। जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के लिए 27 मार्च तक नामांकन किए जा सकते हैं।

### 24 घंटें खबरों पर पैनी नजर

लोकसभा चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय पर्यवेक्षक श्योदान सिंह भदौरिया ने शुक्रवार को जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित एमसीएमसी, मीडिया प्रकोष्ठ सहित कई शाखाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान मीडिया प्रभारी सुरेश कुमार नवल ने एमसीएमसी कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। शर्मा ने बताया कि 24 घंटे राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय न्यूज चैनल्स एवं एफएम चैनल्स की प्रभावी मॉनिटरिंग की जा रही है।

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का सम्मेलन आयोजित

# कांग्रेस की न्याय गारंटी को जन जन पहुंचाने की बताई रणनीति

बेधड़क | जयपुर

राजधानी के इंदिरा गांधी पंचायती राज सभागार में शुक्रवार को कांग्रेस के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का राज्य सम्मेलन हुआ। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सी.बी. यादव ने बताया कि सम्मेलन में प्रदेशभर के 750 स्थानीय सरकारों के जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

सम्मेलन में कांग्रेस की 25 न्याय गारंटी को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति का प्रशिक्षण दिया गया। सम्मेलन की कुल चार क्षेत्रों में सामाजिक न्याय, संविधान प्रदत्त अधिकार और कांग्रेस की न्याय गारंटियों, चुनावी प्रबंधन, जनता के बीच मुद्दों को रखने की कला आदि प्रशिक्षण दिया गया।



इस सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व मंत्री ममता भूपेश, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मीनाक्षी नटराजन, अखिल भारतीय कांग्रेस ट्रेनिंग विभाग के अध्यक्ष सचिन राव, ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सेक्रेटरी हर्षवर्धन व सचिन नायक , सामाजिक कार्यकर्ता निखिल डे और भंवर मेघवंशी सहित कई विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान हुए।

भाजपा मुख्यालय में लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक आयोजित

# फिर से 25 सीटों पर खिलेगा कमल: CM

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के लोकसभा चुनाव प्रभारी डा.विनय सहस्त्रबुद्धे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में चुनाव प्रबंधन समिति, लोकसभा कलस्टर प्रभारी एंव प्रबंधन समिति की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी मतदाता हमारे संपर्क से अछूता ना रहे, जिसके पास हम मोदी सरकार का काम और भाजपा की नीतियों को लेकर ना पहुंचे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा की ओर से जिन कार्यकर्ताओं को जो जिम्मेदारी सौंपी है, वे उस जिम्मेदारी का निर्वाहन समर्पित भाव से करें। हम सब सामान्य कार्यकर्ता है, जनता ने भाजपा पर भरोसा किया और मोदी जी की गारंटी में विश्वास कर हमें सेवा का अवसर दिया है। इस लिए हमें सामान्य कार्यकर्ता का भाव अपने में बनाए रखते हुए जनता के बीच जाना चाहिए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता समर्पित भाव से संगठन के लिए कार्य करता है। इसलिए संगठन के लिए कार्यकर्ता सर्वोपरी है।





प्रदेश के सभी कार्यकर्ताओं को चुनाव अभियान में जोड़ने का प्रयास करें। प्रदेश की जनता का आशीर्वाद एंव कार्यकर्ताओं का साथ भाजपा को मिलेगा और प्रदेश की 25 की 25 सीटों पर कमल खिलेगा। इससे पहले भाजपा के नए लोकसभा चुनाव प्रभारी डा.विनय सहस्त्रबुद्धे, सह प्रभारी विजया राहटकर और प्रवेश वर्मा का सीएम और प्रदेशाध्यक्ष ने स्वागत किया।

बैंक खाते फ्रीज करने पर कांग्रेस का भाजपा पर हमला

# गहलोत बोले- अब पाकिस्तान बनने की दिशा में बढ़ रहा है हिंदुस्तान

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले आयकर विभाग के कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज करने के मामले को लेकर पार्टी ने अब केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

शुक्रवार को जयपुर में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र सरकार पर हमला बोला। इस दौरान गहलोत ने कहा कि देश पाकिस्तान बनने की दिशा में बढ़ रहा है। गहलोत ने आगे कहा कि गुरुवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने प्रेस कॉफ्रेंस की। इससे विषय की गंभीरता समझ सकते हैं। किसी व्यक्ति या परिवार का बैंक खाता सीज हो जाए तो कोई कैसे घर-परिवार चला सकता है। कांग्रेस के बैंक खाते बिना कारण सीज कर दिए गए हैं।

इनकम टैक्स में नियम तोड़ने की धाराओं में पेनल्टी लगाई जा सकती है। पार्टी को 2018 में 199 करोड़ रुपए मिले थे। इनमें से 14.40 लाख रुपए नकद आए बाकि चेक से मिले थे। इसी के आधार पर पार्टी के बैंक खाते सीज कर दिए गए हैं और इनकम टैक्स ने 115 करोड़ रुपए खाते से निकाल लिए है। इनकम टैक्स ने किसके इशारे पर काम किया। यह समझ सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि क्या हिंदुस्तान अब पाकिस्तान बनने की दिशा में बढ़ रहा है। इस दौरान गहलोत ने मीडिया की भूमिका पर भी सवाल उठाए।





### आगे चुनाव होंगे कि नहीं, इस पर भी शक

अशोक गहलोत ने कहा कि अभी भी नहीं दिख रहा आपको कि देश किस दिशा में जा रहा है। उत्तर कोरिया की तरफ जा रहा है या चीन की तरफ। आगे चुनाव भी होंगे या नहीं होंगे। अगर चुनाव होंगे तो उत्तर कोरिया की तरह होंगे या फिर चीन, रूस की तरह। जहां एक पार्टी और सरकार तय करती है कि कौन जीतेगा। उन्होंने पाकिस्तान का उदाहरण देते हुए कहा कि हम आज तक पाकिस्तान पर आरोप लगाते आए हैं कि वहां लोकतंत्र नहीं है। वहां आर्मी का शासन है। वहां पर कानून का राज नहीं रहता है। क्या आप उस दिशा में बढ़ रहे हैं। यह सबके लिए चिंता का विषय होना चाहिए।

### दो लोगों की पार्टी

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि कांग्रेस के खाते सीज कर 115 करोड़ रुपए निकाल लिए गए। भाजपा के लोग 400 पार की बात करते हैं, लेकिन ऐसे हालात नहीं हैं। उनके सांसद और नेता पार्टी छोड़कर जा रहे हैं। दो लोग मिलकर पार्टी चला रहे हैं।

### लोकतंत्र पर लगातार प्रहार: डोटासरा

प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि साल 2014 में जब से नरेंद्र मोदी सत्ता में आए हैं। लोकतंत्र पर लगातार प्रहार हो रहे हैं। संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर विपक्षी पार्टियों पर प्रहार किए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश का चुनाव जीतने के लिए अचानक नोटबंदी की गई। साल 2019 में लोकसभा चुनाव के समय पुलवामा को लेकर राजनीती की गई और अब कांग्रेस पार्टी के खाते सीज किए गए हैं।

## जरूरी खबर

### ग्रेटर नगर निगम ने किया दो केन्टर सामान जब्त



**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर की सतर्कता शाखा ने रोड सीमा पर अतिक्रमण करने वाले के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नौ हजार रुपए कैरिंग चार्ज वसूला है। इस संबंध में निगम आयुक्त रुकमणि रियाड़ ने बताया कि उपायुक्त सतर्कता अजय शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को सतर्कता शाखा की अस्थाई टीम ने नगर निगम ग्रेटर में झालाना रोड़, अपेक्स सर्किल, नारायणा हॉस्पिटल, आयुर्विज्ञान संस्थान प्रताप नगर और यातायात पुलिस के साथ चौरड़िया पेट्रोल पम्प से मालपुरा गेट सांगानेर तक, थड़ी मार्केट एसएफएस चौराहा से लता सर्किल से कालवाड़ रोड़ तक अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ 9 हजार रुपए का कैरिंग चार्ज कर दो केन्टर सामान जब्त किया। उपायुक्त सतर्कता अजय शर्मा ने बताया कि दो केन्टर सामान जप्त कर गोदाम में भिजवाया गया। दौरे के दौरान सतर्कता टीम ने मौके पर मौखिक पाबंद करवाया।

### अवैध शराब के कारोबार पर हेल्पलाइन जारी

**जयपुर।** राजधानी में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ विधायक गोपाल शर्मा मोर्चा संभाला है। उन्होंने शुक्रवार को आबकारी विभाग के अधिकारियों से बात कर अवैध शराब कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अब राजस्थान में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कोई भी अगर अवैध तरीके से शराब बेचता पाया गया, उस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने आमजन से अपील की है कि अवैध शराब की दुकानों और देर रात तक खुलने वाले शराब के ठेकों की शिकायत करें। इसके लिए हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किए गए है। हेल्पलाइन नम्बर-8107211887 पर शिकायत की जा सकती है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**दी बार एसोसिएशन जयपुर की ओर से जयपुर कोर्ट में होली मिलन समारोह**

# अधिवक्ताओं के साथ जजेज ने भी फूलों और गुलाल से खेली होली

**बेधड़क** | जयपुर

दी बार एसोसिएशन जयपुर की ओर से शुक्रवार को जयपुर कोर्ट में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अधिवक्ताओं के साथ जजेज ने भी फूलों और गुलाल से होली खेली। इस मौके पर हाई कोर्ट जस्टिस अनिल उपमन, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी भी मौजूद रहे। बार के सभागार में आयोजित समारोह में कलाकारों ने होली के गीतों पर प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर डीजे नंदिनी व्यास ने भी बार पदाधिकारियों के आग्रह पर कलाकारों के साथ नृत्य किया। कार्यक्रम में डीजे बलजीत सिंह और डीजे अजीत कुमार हिंगर भी मौजूद रहे।






**होली मिलन और प्रेम का त्योहार**

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन शर्मा ने कहा कि होली मिलन और प्रेम का त्योहार है। इसी क्रम में बार की ओर से अधिवक्ता और कर्मचारियों के लिए होली मिलन समारोह आयोजित किया गया था जिसमें हाई कोर्ट जज अनिल उपमन और जयपुर मैट्रो और जयपुर जिले के तीनों जिला एवं सैशन न्यायाधीश मौजूद रहे।

### अधिवक्ता और न्यायिक कर्मचारियों ने भी दी प्रस्तुति

होली मिलन समारोह में अधिवक्ता और न्यायिक कर्मचारियों ने भी अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दी। चंग की थाप और होली के गीतों पर कलाकारों के साथ अधिवक्ताओं ने भी जमकर डांस किया। इस मौके पर न्यायिक कर्मचारी प्रबोध गोस्वामी ने फिल्मी गानों का तराना सुनाया। वहीं, सभी अधिवक्ताओं ने गुलाल और फूलों की होली खेली। महिला अधिवक्ताओं ने भी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिरकत की। उन्होंने भी फूलों की होली खेली। समारोह में राजस्थानी कलाकार पन्या सेपट ने भी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में बीजेपी के प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी और सीएम के मीडिया एडवाइजर आनंद शर्मा भी मौजूद रहे।

**राजधानी के बाजारों में खुलेआम चल रहा गैस रिफिलिंग का अवैध कारोबार**

# चंद पैसों के लालच में लगा देते हैं आमजन की जिंदगी दांव पर

■ **जिम्मेदार विभाग नहीं करते ठोस कार्रवाई, हादसा हुआ तो कौन जिम्मेदार**

**कुणाल भटनागर** | बेधड़क

**जयपुर।** राजधानी के विश्वकर्मा थाना क्षेत्र के जैसल्या गांव में खाना बनाते समय सिलेंडर में लगी आग से पूरा परिवार जिंदा जल गया। हादसे में तीन बच्चों की भी मौत हुई। इस बीच सच बेधड़क ने घटना के बाद राजधानी जयपुर में चल रहे अवैध रिफिलिंग के धंधे की पड़ताल की, तो सामने आया कि चंद पैसों के लिए कुछ लोग खुद के साथ ही और दूसरे लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर इस धंधे को पनपा रहे हैं।

गौरतलब है कि जयपुर में भीड़भाड़ वाले इलाके में दुकानों के अंदर अवैध रुप से गैस रिफिंलिग का कार्य किया जा रहा है। इससे बाजारों में आम लोगों की हर दिन दांव पर लगी रहती है। कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, मगर जिम्मेदार रसद विभाग की तरफ से सिर्फ फौरी होती है। आए दिन इस तरह के मामले सामने आते हैं।


**लोकेशन: सेक्टर 8, कुंभामार्ग, प्रताप नगर**

सच बेधड़क संवाददाता जब सेक्टर 8 के मार्केट में गया तो यहां पर लाइन से दुकानों के बीच एक बर्तन की दुकान में अवैध रुप से सिलेंडर में गैस रिफिंलग का काम किया जाता है। आश्चर्य की बात है कि यह पूरा भीड़भाड़ वाला इलाका है। यहां स्थित बर्तन की दुकान के अंदर एक छोटी सी कोठरी बना रखी है, जिसके अंदर अवैध रुप से गैस रिफिलिंग का कार्य किया जा रहा है।



**लोकेशन: जगतपुरा फाटक**


जगतपुरा फाटक के पास खुले तौर पर एक दुकान में अवैध रूप से गैस रिफिलिंग का कार्य किया जा रहा है। जब सच बेधड़क संवाददाता टीम इस दुकान पर गई तो यहां पर मौजूद शख्स ने ना केवल सिलेंडर में गैस भरने की बात कही, बल्कि दुकान के अंदर ही सिलेंडर को उल्टा करके गैस रिफिलिंग का कार्य भी शुरु कर दिया। इससे पता चलता है कि प्रशासन का डर इस तरह से कार्य करने वाले लोगों में कितना बचा है।



### न सुरक्षा, ना डर ना ही जागरूकता

सच बेधड़क की पड़ताल में सामने आया कि अवैध रूप से रिफिलिंग का कार्य करने वाले लोगों के पास अग्निशमन यंत्र तक नहीं है। इन लोगों को प्रशासन तक का डर नहीं है, क्योंकि कोई चोरी छिपे तो कोई खुले आम यह धंधा कर रहा है। सबसे महत्वपूर्ण सवाल खड़ा होता है कि अगर यह सब कार्य इस इलाके में चल रहा है। यहां के लोग भी यह बात अच्छी तरह से जानते हैं, उसके बाद भी इन लोगों को लेकर किसी भी तरह की शिकायत लोगों द्वारा नहीं की जा रही है, बल्कि कहां पर गैस रिफिलिंग होगी पूछने पर आपको दुकान का नाम तक यह लोग बता देते है।

**लोकेशन: प्रकाश नगर, त्रिवेणी नगर, गोपालपुरा बाईपास**



गोपालपुरा बाईपास के करीब स्थित प्रकाश नगर में भी इस तरह से अवैध रिफिलिंग का कार्य धड़ल्ले से चल रहा है। यहां स्थिति दुकान पर जब सच बेधड़क की टीम पहुंची तो खुफिया कैमरें में एक नाबालिग इस काम को करता हुआ कैद हुआ, बहुत ही छोटी जगह में बनी इस दुकान के अंदर छोटी सी जगह है, यहां पर बिना-अपनी और दूसरी व्यक्तियों की जान की परवाह किए बगैर काम चल रहा है। जब सच बेधड़क अपने खुफिया कैमरें के साथ अंदर जाने कि कोशिश की तो उन्हें बकायदा रोक दिया गया।

**राजस्थान दिवस से पहले हुआ कार्यक्रम**

# तीन बार के ग्रैमी अवॉर्ड विजेता केज ने जयपुर में साधे सुर



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान दिवस से पहले तीन बार के ग्रैमी अवॉर्ड विजेता भारतीय संगीतकार रिकी केज ने प्रस्तुति से समां बांध दिया। जयपुर में यह उनका डेब्यू परफॉर्मेंस था। कॉन्सर्ट राजस्थान फोरम द्वारा जयश्री पेरीवाल फाउंडेशन के सहयोग से और श्री सीमेंट द्वारा अपनी सीएसआर पहल के तहत समर्थित था। राजस्थान फोरम की ऑनरेरी सेक्रेटरी अपरा कुच्छल ने रिकी केज का मंच पर स्वागत किया और राजस्थान फोरम के उद्देश्यों व उपलब्धियों को बताया। जयश्री पेरीवाल फाउंडेशन की ट्रस्टी आकृति पेरीवाल ने फाउंडेशन के विजन और विभिन्न पहलों के बारे में बात की। शुरुआत राजस्थान फोरम एंथम के ऑडियो-विजुअल से हुई, जिसकी परिकल्पना फाउंडर और राजस्थान फोरम के सदस्य संदीप भूतोड़िया ने की और संगीत पद्म भूषण पंडित विश्व मोहन भट्ट द्वारा प्रदान किया गया।

**स्वायत्त शासन निदेशालय ने जारी किए आदेश**

# नए सिरे से जारी नहीं होंगे पट्टे

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के कारण मकानों के पट्टे जारी नहीं किए जाएंगें। स्वायत्त शासन निदेशालय ने इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी करते हुए निकायों को कार्य करने के लिए कहा है। आचार संहिता लगने के बाद निकायों ने सरकार से नए आवेदनों और जो वर्तमान में मामले पाइपलाइन में उन पर पट्टे जारी करने के लिए मार्ग दर्शन मांगा था। इस पर स्वायत्त शासन निदेशालय ने 11 बिंदुओं पर गाइडलाइन जारी करते हुए काम करने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में जिन लोगों ने अपने मकान के पट्टे के लिए आवेदन किया है, उन्हें अब जून महीने तक का इंतजार करना पड़ेगा।

पट्टा केवल उसी स्थिति में जारी किया जाएगा, जब आवेदन पर समक्ष स्तर से पट्टा जारी करने की स्वीकृति आचार संहिता से पहले मिल चुकी हो और उसकी डिमांड राशि आवेदक जमा करवा चुका हो। जिन जमीनों का पट्टा आचार संहिता से पहले जारी हो चुका है, लेकिन उनकी रजिस्ट्री नहीं हुई हो और उन पट्टों की वैलेडिटी खत्म हो गई। ऐसे पट्टों की पुनः वैलेडिटी बढ़ाकर उनकी रजिस्ट्री हो सकेगी। प्रस्तावित प्रोजेक्ट्स की डीपीआर तैयार करवाने का काम शुरू किया जा सकता है। पूर्व में स्वीकृत कार्य, जिनके वर्क ऑर्डर जारी करके काम आचार संहिता से पहले शुरू कर दिया है उनको जारी रखा जा सकता है। कृषि भूमि के नियमन, निर्माण स्वीकृति, नामांतरण आदि की सक्षम स्तर पर आचार संहिता लगने से पहले स्वीकृति जारी हो गई और उनकी डिमांड राशि जमा हो गई हो तो उनके पट्टे जारी करने और स्वीकृति पत्र जारी करने का काम किया जा सकता है।

**पुष्करणा बाहुल्य क्षेत्रों में युवा निकालेंगे गेर**

# छालोड़ी के मौके पर गूंजेंगे श्लील गीत

**बेधड़क** | जयपुर

होली के दूसरे दिन छालोड़ी और शीतलाष्टमी के अवसर पर शहर परकोटे के भीतर पुष्करणा बाहुल्य क्षेत्रो में श्लील गायक केशव थानवी, रविन केवलिया, ललित मतड़ सहित कई युवा गेर निकालेंगे।



इस दौरान स्व. माईदास थानवी के सुप्रौत्र केशव थानवी अपने दादा के पद चिन्हों पर चलते हुए अपनी टीम के साथ श्लील गायकी के रंग बिखेरते नजर आएंगे। युवा साथी डॉ. धर्मदत्त पुरोहित 'रॉबिन' द्वारा रचित और गुरु गोविंद कल्ला, दाऊजी जोशी की लिखी हुई रचनाओं को नए रूप-रंग में राजस्थानी फिल्मों में हास्य कलाकार की भूमिका का निर्वहन करने और माईदास जी की गैर के मुख्य आकर्षण रह चुके उनके मित्र नारायण दास जोशी 'पिंजी', हीरालाल जोशी, राजेश व्यास, गुरुदत्त पुरोहित, शिवप्रकाश व्यास के निर्देशन में संगीतकार दीपक जोशी 'बटुक' द्वारा तैयार धुनों पर थानवी श्लील गायन प्रस्तुत करेंगे।

**ऑपरेशन क्लीन स्वीप में नौ थानों की कार्रवाई**

# 9 लोगों से लाखों की अवैध शराब और तीन लाख जब्त

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनावों के मद्देनजर राजधानी पुलिस लगातार अवैध शराब बेचने और रखने वालों पर कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत चलाए विशेष अभियान में जयपुर पुलिस ने नौ थाना क्षेत्रों से लाखों रुपए की अवैध शराब और ड्रग्स पकड़ी है, साथ ही तीन महिलाओं समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में पुलिस आयुक्त बीजू जार्ज जोसेफ ने बताया कि विश्वकर्मा थाना, विद्याधर नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, मुहाना, चौमूं, कानोता, सोडाला, बिंदायका और मालवीय नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई की है। इन थाना क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से अवैध शराब और ड्रग्स बेचने की शिकायत मिल रही थी। ऐसे में लोकसभा चुनाव को देखते हुए शुक्रवार को शहर में सघन अभियान चलाया गया, जिसमें नौ थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए तीन महिला सहित नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इन आरोपियों के पास से एक ग्राम स्मैक, देशी शराब की 36 पेटियां, अंग्रेजी शराब की नौ पेटी, बीयर की 14 पेटी के साथ करीब 3 लाख रुपए और एक चौपहिया वाहन बरामद किया है।



### ये हुए गिरफ्तार

विश्वकर्मा थाना में पतासी सांसी, विद्याधर नगर थाना में संजय मीणा, ट्रांसपोर्ट नगर थाना में भीमसिंह बैरवा, मुहाना थाना में सुरेश माली, चौमूं थाना में मीना सांसी, कानोता थाना में रतनलाल मीणा, सोडाला थाना में सुभाष चंद मीणा, बिंदायका थाना में सुनील खटीक, मालवीय नगर थाना में सुनीता सांसी, चंद्रकला सांसी को गिरफ्तार किया गया।

### जारी रहेगी कार्रवाई

पुलिस आयुक्त बीजू जार्ज जोसेफ ने बताया कि शहर में अवैध शराब और ड्रग्स बेचने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए चारों जिलों में विशेष टीम से बनाकर इलाकों में सघन अभियान चलाया जाएगा।

# 160 दिव्यांगजनों का सम्मान



**बेधड़क** | जयपुर

कृष्ण चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से विशेष दिव्यांगजन सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय स्तर के इस कार्यक्रम में संपूर्ण भारत के सभी राज्यों से विशेष प्रतिभा वाले लगभग 160 दिव्यांगजनो ने और विशेष कला रखने वाले दिव्यांग बच्चों ने हिस्सा लिया। समारोह में दिव्यांग कलाकारों ने अपनी-अपनी कला के क्षेत्र में मनमोहक प्रसतुतियां दीं। संस्था की ओर से कार्यक्रम में सभी दिव्यांगजनों को अंग वस्त्र, स्मृति चिह्न और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। यह आयोजन कृष्ण चैरिटेबल फाउंडेशन की संस्थापक अन्नपूर्णा सोनी, राजेश वशिष्ठ, लोकेश वशिष्ठ और लोकेश सोनी के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हवा महल विधायक बालमुकुंद आचार्य और बगरू विधायक कैलाश वर्मा मौजूद रहे। वशिष्ठ अतिथियों के तौर पर कर्नल देव आनंद, कैप्टन बृजपाल सिंह चौहान. डॉक्टर आकाश दीप अरोरा, सुधीर माथुर और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**जरूरी खबर**

### बजरी माफियाओं ने पुलिस पर किया पथराव, वाहन टूटे



**धौलपुर।** प्रदेश सरकार और पुलिस बजरी माफियाओं पर नकेल डालने के लिए चाहे जितने अभियान चलाए, लेकिन दबंग बजरी माफिया बेखौफ होकर पुलिस पर भी हमला करने से नहीं चूक रहे हैं। ताजा मामला कोलारी थाना क्षेत्र के बरा गांव के पास का है। जानकारी के मुताबिक कोलारी थाना पुलिस और डीएसटी टीम बरा गांव के पास बजरी माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने गई थी। पथराव में पुलिस की गाड़ियों के शीशे भी क्षतिग्रस्त हुए हैं।

### खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई देख भागे भागे व्यापारी

**धौलपुर।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने होली के त्यौहार को देखते हुए मिठाई, पनीर, घी आदि खाद्य पदार्थों की दुकान एवं प्रतिष्ठानों पर छापेमार कार्रवाई को अंजाम दिया है। धौलपुर शहर के प्रमुख बाजारों में की गई कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि होली के त्योहार को लेकर मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। प्रमुख चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयंतीलाल मीणा के निर्देश में जिले भर में स्वास्थ्य विभाग की अलग-अलग टीम गठित कर खाद्य पदार्थ की दुकान एवं प्रतिष्ठानों पर छापेमार कार्रवाई कर रही हैं।

### चाकसू थाने पर एसीपी ने सीएलजी की बैठक ली



**चाकसू।** होली व धुलंडी के त्योहार को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर चाकसू पुलिस थाने में शुक्रवार को एसीपी सुरेंद्र सिंह व थानाधिकारी कैलाश दान की मौजूदगी में सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में हिन्दू पर्व होली के त्योहार एवं मुस्लिम समाज के रमजान पर्व को लेकर कानून व शांति व्यवस्था पर चर्चा की गई। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने सीएलजी सदस्यों से पर्व पर शांति बनाए रखने में सहयोग की अपील की। साथ हीं बैठक में उपस्थित ग्रामीणों को क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता की नियमों की जानकारी दी। कहा कि संवेदनशील जगहों पर पुलिस की निगरानी रखी जाएगी। साथ ही गश्ती दल नियुक्त किए जाएंगे।

**छह दिवसीय आयोजन की शुरुआत, देश भर से पहुंच रहे भक्त, सुख शांति की कामना की**

# मेहंदीपुर बालाजी में होली महोत्सव शुरू, हजारों श्रद्धालु पहुंचे

**बेधड़क** | दौसा

जिले के प्रसिद्ध आस्थाधाम मेहंदीपुर बालाजी में शुक्रवार से 6 दिवसीय होली महोत्सव की शुरुआत हो गई। इसी के साथ बड़ी संख्या में भक्तों का मेहंदीपुर बालाजी धाम में पहुंचना शुरू हो गया है। देश के कोने-कोने से आ रहे भक्त रंग-गुलाल उड़ाते हुए मेहंदीपुर बालाजी पहुंच रहे है। लंबी कतारों में लगकर 7-8 घंटे के इंतजार के बाद भक्त अपने आराध्य देव के दर्शन कर परिवार में सुख शांति की कामना कर रहे है। कई श्रद्धालु 400 से 500 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर लाल पताका लेकर बालाजी धाम में पहुंच रहे हैं। जत्थे के रूप में मेहंदीपुर बालाजी पहुंचते ही भक्तों का जोश दोगुना हो जाता है। श्रद्धालु डीजे की धुन पर नाचते गाते बालाजी दरबार में पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की भारी आवक को देखते हुए बालाजी मंदिर ट्रस्ट की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।



### हर वर्ष होता है आयोजन

दौसा और गंगापुर जिले की सीमा पर स्थित प्रसिद्ध आस्थाधाम मेहंदीपुर बालाजी में हर वर्ष होली महोत्सव का आगाज होता है। इसके चलते राजस्थान सहित देश के हरियाणा, पंजाब, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात सहित कई प्रांतों के लाखों श्रद्धालु अपने आराध्य बालाजी महाराज के दर्शनों के लिए मेहंदीपुर बालाजी पहुंचते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर दौसा और गंगापुर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। दोनों जिलों की ओर से मेडिकल स्टाफ मय एंबुलेंस, दमकलों के साथ दमकलकर्मी, विद्युत विभाग की टीम सहित पुलिस फोर्स का अतिरिक्त जाब्ता तैनात किया जाता है।

### प्रशासन के इंतजाम कमजोर

प्रशासन की ओर से मेला स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम नहीं किए गए है। इमरजेंसी सेवा के लिए मेडिकल टीम, एंबुलेंस, दमकल और विद्युत विभाग की टीम भी मौजूद नहीं है। इधर, सिकराय एसडीएम यशवंत मीना ने बताया कि लोकसभा चुनाव के कारण व्यवस्थाओं में देरी हुई है। जल्द ही आस्थाधाम में व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाएगा। टोडाभीम डीएसपी मुरारीलाल मीना ने बताया कि उच्चाधिकारियों से बात कर आस्थाधाम में अतिरिक्त जाप्ता तैनात किया जाएगा।

### कस्बे में आ रहे चौपहिया वाहन:

होली महोत्सव को लेकर मंदिर से करीब 1 किलोमीटर पहले ही कस्बे में चौपहिया वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से बंद है, लेकिन इसके बाद भी चौपहिया वाहन कस्बे में पहुंच रहे है। इससे कस्बे की यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

**केंद्रीय जल शक्ति मंत्री जैसलमेर दौरे पर, केजरीवाल पर साधा निशाना**

# कानून की नजर में सब समान, आड़े नहीं आते पद, प्रतिष्ठा और पदनाम

**■ पीएम मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार की जीरो टॉलरेंस नीति पर काम**

### ■ अहंकार में डूबी हुई थी कांग्रेस पार्टी, नहीं माना कानून

**बेधड़क** | जैसलमेर

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि ईडी के इतने समन जारी करने के बाद भी वे पेश नहीं हुए। अब ये कोई इतिहास का पहला मामला नहीं है, जिसमें भ्रष्टाचार को लेकर कोई कार्रवाई हुई है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार की जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल कानून के साथ आंख-मिचौली खेल रहे थे। कानून की नजर में सब समान हैं। कानून अपनी कार्रवाई कर रहा है। संविधान में पद-प्रतिष्ठा और पदनाम कानून के आड़े नहीं आते हैं। इसलिए कानून अपना काम कर रहा है। चाहे वह कोई भी व्यक्ति हो, अगर उसने भ्रष्टाचार किया है तो नहीं बख्शा जाएगा। जल शक्ति मंत्री ने शुक्रवार को अपने जैसलमेर जिले के दो दिवसीय दौरे के दौरान यह बात कही। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री और भाजपा प्रत्याशी गजेंद्र सिंह शेखावत ने इस दौरान कांग्रेस पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा, हम गरीब के घर में रोशनी को विकास मानते हैं। मगर, कांग्रेस को गरीब के घर का विकास नहीं दिखाई देता है। कांग्रेस सिर्फ अपने पोषक नेताओं और सोनिया गांधी परिवार के कल्याण को ही विकास मानती है। यह विकास को देखने का अपना-अपना नजरिया है।



### इस बार 400 के पार का लक्ष्य

शेखावत ने कहा कि पिछले 10 साल के कालखंड में ईमानदारी से काम किया गया। इस बार जनता एक तरफ घोटालों की सरकार और दूसरी तरफ ईमानदारी की सरकार के बीच फर्क करके वोट करने वाली है। इसलिए इस बार 400 के पार का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि पहले भ्रष्टाचार की घटनाएं मीडिया की सुर्खियां बनी रहती थीं। मगर, आज गरीब के उत्थान से जुड़ी खबरें सुर्खियां बनी रहती हैं।

### हर क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करेंगे

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी के संकल्प के अनुसार, अगले पांच वर्षों में हर क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा किए जाएंगे। स्थानीय स्तर पर नई इंडस्ट्रीज को खड़ा किया जाएगा। शेखावत ने कहा कि किसी भी देश में औद्योगिक क्रांति के निवेश के लिए जिन मूलभूत जरूरतों की आवश्यकता होती है, उसमें जमीन पहली प्राथमिकता होती है, जो हमारे पास उपलब्ध है। दूसरी आवश्यकता बिजली होती है। अभी मुख्यमंत्री भजनलाल ने 2.5 गीगावाट का जो एमओयू साइन किया है, उसमें 2 लाख करोड़ का निवेश भी आएगा। उस लिहाज से हमारे पास बिजली सरप्लस में रहेगी।

### पानी की व्यवस्था हागी सुचारू

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगले पांच वर्षों के दौरान पानी की व्यवस्था को सुचारु किया जाएगा। कांग्रेस ने राजस्थान में पानी को लेकर केवल राजनीति की, जबकि देश में सबसे अधिक 27 हजार करोड़ की धनराशि राजस्थान को दी गई थी। उन्होंने कहा कि पानी राज्य का विषय है, इसलिए उस दिशा में जो काम राजस्थान की तत्कालीन कांग्रेस सरकार को करने चाहिए थे, वो काम नहीं किए गए। अब बाड़मेर और जैसलमेर में जमीन के नीचे बहुत सारा खारा पानी उपलब्ध है, जो 200 मिलियन क्यूबिक मीटर है। इस खारे पानी को शुद्ध करने की प्रक्रिया पर भी तेजी से काम किया जा रहा है।

**बिजली विभाग की लापरवाही**

# करंट लगने से 2 बच्चों की मौत, ग्रामीणों में रोष



**बेधड़क** | उदयपुर

सड़क पर गिरे बिजली के तार के करंट से दो बच्चों की मौत हो गई। बच्चों के चिल्लाने पर आसपास के लोग बचाने पहुंचे, लेकिन करंट के कारण कुछ नहीं कर पाए। घटना उदयपुर जिले में जंगल-पहाड़ियों के बीच बसे ढढावली गांव की है। झाड़ोल थानाधिकारी रतन सिंह ने बताया- ढढावली निवासी कमलेश वडेरा (14) और महेंद्र वडेरा (13) ढढावली सी. सै. स्कूल में पढ़ते थे। महेंद्र पांचवीं और कमलेश सातवीं कक्षा का छात्र था। दोनों गुरुवार शाम करीब 7 बजे खेत से घर जा रहे थे। रास्ते में खंभे से टूट कर गिरा बिजली का तार सड़क पर पड़ा था। दोनों बच्चों ने गलती से तार को छू लिया और करंट लगने से मौत हो गई। दोनों के चिल्लाने पर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवा कर दोनों के शव परिजनों को सौंप दिए। महेंद्र के पिता नहीं हैं। कमलेश के पिता मजदूरी करते हैं। ग्रामीणों ने शुक्रवार सुबह झाड़ोल एसडीएम मणिलाल तिरगर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बिजली विभाग की लापरवाही से दो मासूमों की मौत होने का आरोप लगाया है। ग्रामीण रमेश बडेरा ने बताया कि 15 दिन पहले बिजली का तार टूट कर सड़क पर गिर गया था, जिससे सड़क किनारे एक खेत में पड़ा सूखा चारा जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के कर्मचारियों को सूचना दी थी। इसके बावजूद लापरवाह अधिकारी-कर्मचारियों ने कोई सुध नहीं ली। अगर समय पर तार दुरुस्त कर दिया जाता तो दोनों की जान बच जाती।

**ब्लैकमेल कर साथ भागने का बनाया दबाव, मामला दर्ज**

# नाबालिग कॉलेज छात्रा से रेप कर अश्लील वीडियो बनाया

**चौमूं।** थाना इलाके में नाबालिग छात्रा से डरा-धमकाकर जबरन होटल में ले जाकर रेप करने और अश्लील वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। साथ ही आरोपी ने ब्लैकमेल कर घर से भागने का दबाव बनाकर धमकाया कि मेरे साथ भागी नहीं तो मरने को तैयार हो जा।

चौमूं थाने में नाबालिग पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच एसीपी (चौमूं) अशोक चौहान कर रहे है। पुलिस ने बताया कि सामोद निवासी 15 साल की लड़की ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह चौमूं स्थित कॉलेज में पढ़ाई करने आती है। पिछले 4-5 महीने से अजय नाम का लड़का उसका पीछा करता है। उसको किडनैप कर रेप करने और परिवार को जान से मरवाने की धमकी देकर डराता था।

आरोप है कि बस स्टैंड पर खड़े मिलने पर आरोपी ने उसको बुरी तरह धमकाया। डरा-धमकाकर अपने एक दोस्त के साथ बाइक पर बैठाकर होटल में ले गया। होटल में धमकाकर उसने अश्लील वीडियो बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर दोबारा उसकी होटल में ले जाकर रेप किया। उसके बाद ब्लैकमेल कर घर से भागने का दबाव बनाने लगा। धमकाया कि मेरे साथ भागी नहीं तो मरने के लिए तैयार हो जा। डरी-सहमी नाबालिग पीड़िता ने धमकी मिलने के बाद परिजनों को आपबीती सुनाई।

**दी बार एसोसिएशन का होली मिलन समारोह आयोजित**

# चाकसू में ADJ कोर्ट खुलवाने की मांग

**बेधड़क** | चाकसू

दी बार एसोसिएशन की ओर शुक्रवार को सिविल कोर्ट परिसर चाकसू में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रामावतार बैरवा व विश्व शक्ति अतिथि भाजपा नेता एवं पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष कैलाश शर्मा आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नाथूलाल शर्मा व महासचिव दुर्गाप्रसाद बैरवा समेत अधिवक्ताओं ने आगूंतक अतिथियों का माल्यार्पण स्वागत कर ठाकुरजी का छाया चित्र भेंट किया गया। विशिष्ट अतिथि पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष कैलाश शर्मा ने कहा कि जहां अधिवक्ता लोगों को न्याय दिलवाने की लड़ाई लड़ते हैं। उन्होंने कहा कि त्योहारों को एकजुट होकर मनाना ही हमारी संस्कृति है और एसोसिएशन हर पर्व को एक साथ मनाता हैं। इसी के साथ क्षेत्र के विकास को लेकर भी आगे आए और भ्रष्टाचार मिटाने में अपना सहयोग प्रदान करें।




इस अवसर पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष नाथूलाल शर्मा सहित पदाधिकारियों ने चाकसू में एडीजे कोर्ट खुलवाने की मांग रखी। एडवोकेट सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि इससे पूर्व अधिवक्ताओं ने आपस में गुलाल लगाकर एक दूसरे के साथ होली खेली। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन अध्यक्ष नाथूलाल शर्मा, महासचिव दुर्गाप्रसाद बैरवा, एडवोकेट एवं पार्षद त्रिवेणी श्याम शर्मा, पार्षद मांगीलाल बैरवा, सामाजिक कार्यकर्ता गिरिराज डूंगरी, पूर्व अध्यक्ष हरप्रीत सिंह, एडवोकेट सुनील शर्मा, रमेश चौधरी, श्रवण लाल शर्मा, जितेंद्र गौतम, धर्मपाल चौधरी, विनोद चौधरी, मुकेश मामोड़िया, अमित बाहेती, किशन प्रजापत, राजेश चौधरी, गोविंद नारायण विजय, सीपी टेलर आदि मालूद रहे।

**केरल को बिजली बेचेगा राजस्थान**

# NTPC अंता में 430 करोड़ से शुरू होगा न्यू सोलर प्लांट

**बेधड़क** | कोटा

सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अब क्रांति आ रही है। ऐसे में राजस्थान में तेजी से इस पर काम हो रहा है पूर्व संसाधनों पर निर्भरता कम होती जा रही है और कंपनियों के साथ आमजन भी सौर ऊर्जा के क्षेत्र में आगे आ रहे हैं। एनटीपीसी अंता को सौर एनर्जी का नया स्त्रोत मिल गया है।

एनटीपीसी की खाली पड़ी जमीन पर सोलर प्लांट बनाया गया है। इस प्लांट की क्षमता करीब 90 मेगावाट है। यह सोलर प्लांट इसी माह के अंतिम दिन 31 मार्च को उत्पादन हैं शुरू कर देगा। एनटीपीसी के महाप्रबंधक न राजेश भारद्वाज ने बताया कि इस प्लांट को स्थापित करने में एनटीपीसी को 430 करोड़ रुपए की लागत आई है। उन्होंने बताया कि इस प्लांट से सप्लाई ग्रिड को दी जाएगी और यहां से केरल सरकार को यह बिजली बेची जाएगी। इस प्लांट को साल 2019 में स्थापित करने का निर्णय लिया था और यह काम साल 2021 में शुरू हुआ था और यह करीब 3 साल में पूरा हुआ है, जिससे माना जा रहा है कि 31 मार्च 2024 तक उत्पादन शुरू हो जाएगा।



### गैस आपूर्ति पर्याप्त नहीं होने से आती है समस्या

भारद्वाज ने बताया कि एनटीपीसी के पास 419 मेगावाट का गैस आधारित विद्युत उत्पादन संयंत्र भी है, लेकिन गैस की आपूर्ति वं पर्याप्त नहीं होने के चलते यह प्लांट पूरी क्षमता से कार्य नहीं कर पाता है, जिससे कई बार बडी समस्या आती है। इसे संचालन करने पर बिजली उत्पादन की लागत भी ज्यादा आती है और यहां उत्पादित की गई बिजली महंगी होती है, जिसकी डिमांड भी कम होती है। गैस आधारित प्लांट को इस साल 387 बार चलाया गया है। इस दौरान उसने 354 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन किया है। भारद्वाज ने बताया कि इस कारण हमने सोलर एनर्जी का प्लांट लगाने का निर्णय किया। अब नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन अंता को सौर ऊर्जा के रूप में विद्युत उत्पादन का एक और स्रोत मिल गया है।

### बीकानेर की बिजली से जगमग हुआ महाराष्ट्र

इससे पहले बीकानेर से सौर ऊर्जा से बनी बिजली से महाराष्ट्र के कई इलाके रोशन हो रहे हैं। बीकानेर में टाटा पावर ने दो बड़े सोलर पावर प्लांट शुरू किये हैं. नूरसर में स्थित इन प्लांट ने लाखों लोगों की जिंदगियों को रोशन किया है। मुंबई की नॉन-कार्बन आपूर्ति को दोगुना कर दिया है और केरल के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को पूरा करने में योगदान दिया है। इससे बीकानेर में करीब सैकड़ों लोगों को रोजगार भी मिला है। गांव में कौशल विकास के तहत स्थानीय लोगों को ट्रेंड किया जा रहा है।

# दो दिन रहेंगे बंद खाटू श्याम जी के पट

**खाटूश्यामजी।** कस्बे के विश्व प्रसिद्ध बाबा श्याम के 11 देश वार्षिक लक्खी मेले के समापन के बाद होली पर्व पर दो दिन बाबा श्याम के पट बंद रहेंगे। श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि 24 मार्च को रात्रि 10 बजे शयन आरती के साथ बाबा श्याम के पट मंगल होंगे।

25 मार्च सोमवार को विशेष पूजा अर्चना के कारण तथा 26 मार्च मंगलवार को तिलक श्रृंगार के कारण बाबा श्याम के पट बंद रहेंगे। बाबा श्याम के दो दिन मंदिर के पट बंद रहने के बाद बुधवार 27 मार्च को मंगल आरती के साथ बाबा श्याम के कपाट भक्तों के दर्शनार्थ खोले जाएंगे।कमेटी ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि बाबा श्याम के पट खुलने के बाद ही खाटू धाम पहुंचे जिससे किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसके साथ व्यवस्थाओं में सहयोग की अपील की है। वहीं बाबा श्याम का वार्षिक लक्खी मेले के औपचारिक समापन के पश्चात भी शुक्रवार को भी हजारों श्याम भक्तों ने बाबा श्याम के दर्शन कर खुशहाली की कामना की।बाबा श्याम के जयकारे लगाते हुए श्याम भक्त बाबा श्याम के दर्शन करते नजर आए। वहीं दिनभर आसपास के गांवों के लोगों ने भी खाटूश्यामजी आकर मेले का आनन्द लिया।

### केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय संस्कृत भाषा दक्षता कार्यक्रम का समापन

# अनुशासन और नैतिकता को बनाएं दिनचर्या का जरूरी अंग

**बेधड़क** | जयपुर

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर के प्राध्यापक विकास केन्द्र में चल रहे उत्तर मध्य भारत के परिसरों व आदर्श संस्कृत- महाविद्यालयों के युव महोत्सव में विजेता व चयनित छात्रों के लिए आयोजित संस्कृत भाषा दक्षता कार्यक्रम शुक्रवार को सम्पूर्ति समारोह के साथ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयपुर परिसर के पूर्व शारीरिक शिक्षा निदेशक प्रो. गजेन्द्र प्रकाश शर्मा रहे। अध्यक्षता जयपुर परिसर निदेशक प्रो. सुदेश कुमार शर्मा ने की व विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राध्यापक विकास केन्द्र के निदेशक प्रो. वाई एस रमेश रहे। मुख्य अतिथि गजेन्द्र शर्मा ने





कहा कि खिलाड़ी को हमेशा जीवन में संस्कार, अनुशासन, नैतिकता को अपनी दिनचर्या का अत्यावश्यक अंग बनाना चाहिए। अनुशासित खिलाड़ी ही खेलों में निरन्तर उत्कर्ष को प्राप्त करता है। यदि खिलाड़ी संस्कृत निष्ठ हो तो वह गुणों का भण्डार बन जाता है। प्राध्यापक विकास केन्द्र के निदेशक प्रो. वाई एस रमेश ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस दक्षता शिविर के माध्यम से विद्यार्थी संस्कृत भाषा में संभाषण करने में सक्षम हुए हैं।

निरंतर संस्कृत वाक्यों का प्रयोग कर इसे आम बोलचाल की भाषा बनाना इस शिविर का उद्देश्य था। हमें आगे भी निरंतर संस्कृत में अभ्यास करते हुए इसे क्रीड़ा ही क्रिया के माध्यम से सीखना है। अध्यक्षता कर रहे परिसर निदेशक प्रो. सुदेश कुमार शर्मा ने बताया कि संस्कृत केवल भाषा नहीं, अपितु व्यवहार व जीवन शैली का रूप है। संस्कृत छात्र का वेश, व्यवहार, आचरण इत्यादि सर्वदा संस्कृतमय अर्थात् अनुशासित और मर्यादित होना चाहिए।

### छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों से सीखा संभाषण

प्रो. वाईएस रमेश ने बताया कि इस कार्यक्रम में 8 संस्थाओं के 110 छात्रों ने पांच दिनों तक गीत, कथा, प्रश्न मंच, क्रीड़ा इत्यादि गतिविधियों में संस्कृत माध्यम से सम्भाषण करते हुए दक्षता प्राप्त की। केन्द्र समन्वयिका डॉ. रेखा कुमारी पाण्डेय ने स्वागत वाचन किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. किरण खींची व डॉ. राकेश कुमार जैन ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. नमिता मित्तल, मीडिया समन्वयक डॉ. रानी दाधीच, डॉ नरेश सिंह, डॉ. रघुवीर प्रसाद शर्मा, डॉ. घनश्याम हरनेदिया, डॉ. लोकेश गुप्ता सहित सैकड़ो संस्कृत अनुरागी उपस्थित थे।

## Yuva स्टोरीज

### शिल्प संस्थान के छात्रों ने लाल किले पर प्रदर्शित किया 'तुम्बा'



**बेधड़क** | जयपुर

लाल किले के आत्म निर्भर भारत सेन्टर फोर डिजाइन पर चल रही प्रदर्शनी में भारतीय शिल्प संस्थान के विद्यार्थियों ने अपने शिल्प 'तूम्बा' को प्रदर्शित किया। आत्म निर्भर भारत सेन्टर फोर डिजाइन की स्थापना का मुख्य उद्देश्य भारत में विभिन्न शिल्पों को विश्व के बाजार में अपनी पहचान दिलाने का है। संस्थान के दो विद्यार्थी विमा दाधीच एवं चेतन नागरकर ने छत्तीसगढ़ के जनजातीय क्षेत्रों में जाकर इस पर रिसर्च किया। वहां से शिल्पकारों से इनकी तकनीक एवं उत्पादों की सामग्री के बारे में समझकर गहन अध्ययन किया। अध्ययन के उपरान्त विद्यार्थियों ने सामग्री के नए डिजाइन विकसित किए। इन छात्रों ने इन डिजाइनों पर आधारित कुछ उत्पाद बनाए जोकि सभी को काफी पसन्द आए। इस सलेक्ट उत्पादों को संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के इन्दिरा गांधी नेशनल सेन्टर फोर आर्ट्स के अधिकारियों से अनुमोदित करा इन्हें लाल किले पर प्रदर्शित किया गया है।

प्रदर्शनी में सभी शिल्पों को देखने आने वाले आगुन्तकों ने इसे काफी सराहा ।



### आमजन की भाषा बने संस्कृत

**बेधड़क** | जयपुर

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर परिसर में शुक्रवार को भारतीय भाषा ज्ञान प्रणाली के तहत 'सरल मानस संस्कृतम्' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. वाईएस रमेश ने संस्कृत को जनभाषा एवं व्यावहारिक भाषा बताते हुए अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर के निदेशक प्रो. सुदेश कुमार शर्मा ने की। कार्यशाला में संसाधक के रूप में डॉ. कैलाश चन्द सैनी, डॉ. रेखा शर्मा, डॉ. अभिनव उपाध्याय तथा डॉ. ललित किशोर शर्मा ने विभिन्न सत्रों में संस्कृत को विभिन्न विधाओं एवं सरलीकरण के माध्यम से अपने उद्बोधन द्वारा प्रस्तुत किया। विशेष आमन्त्रित संस्कृत विशेषज्ञ के रूप में संस्कृत भारती के प्रचारक कमलकिशोर शर्मा ने विद्यार्थियों को संस्कृत की महत्ता बताई।



### शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

**बेधड़क** | जयपुर

द पैलेस स्कूल के शिक्षकों के लिए डिस्लेक्सिया और एडीएचडी पर कर्मचारियों के प्रशिक्षण पर एक विशेष सत्र 'समावेश' का आयोजन किया गया।

स्कूल की प्रिंसिपल उर्वशी वर्मन ने अतिथि प्रशिक्षक जूली व्हाइट का स्वागत किया। जूली व्हाइट विशेष शिक्षा के क्षेत्र में एक विशेषज्ञ हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उन्हें तीस वर्षों का अनुभव है। वह यूनाइटेड किंगडम में स्थित अतिरिक्त शिक्षा की आवश्यकता वाले छात्रों के लिए एक विशेषज्ञ शिक्षक और मूल्यांकनकर्ता हैं।

द पैलेस स्कूल के प्री-प्राइमरी, प्राइमरी और मैजिक पाई विभाग के शिक्षकों के साथ-साथ महाराजा सवाई भवानी सिंह स्कूल के कुछ शिक्षकों ने इस सत्र में भाग लिया।

व्हाइट ने कठिनाइयों का सामना करने वाले स्टूडेंट्स की प्रारंभिक पहचान पर जोर दिया और उन्हें पहचानने के लिए संकेत और लक्षण साझा किए।

### RU अंग्रेजी विभाग की पहली एलुमनाइ मीट




# आंखों में झिलमिलाईं कैंपस की सुनहरी यादें

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की ओर से शुक्रवार को पूर्व छात्र-छात्राओं का मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें देश-विदेश से अपने क्षेत्र में विख्यात पूर्व छात्रों ने शिरकत की।

कार्यक्रम की आयोजिका एवं विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता अग्रवाल ने बताया कि सन् 1966 के बैच के पूर्व छात्र भी समारोह में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुल पंद्रह पूर्व छात्र-छात्राओं को अपने क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इनमें प्रमुख रूप से पूर्व विभागाध्यक्ष व प्रोफेसर्स, सेना में प्रमुख पदों पर कार्यरत छात्र, इनकम टैक्स कमिश्नर एवं आईआरएस सेवाओं में पदासीन छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आईएफएस व लेखक राकेश कृष्ण शर्मा ने की जो यहां के पूर्व छात्र भी रह चुके हैं। उन्होंने विभागाध्यक्ष का आभार जताया।




उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से आज सभी एक मंच पर फिर से एकत्रित हो सके हैं। आयोजन में प्रो. सुनीता अग्रवाल एवं डॉ. प्रीति चौधरी द्वारा संपादित पुस्तक 'मिथ, माइथोपोईया एंड फोकलोर' का विमोचन किया गया। डॉ. चौधरी ने बताया कि यह किताब इस विषय पर संकलित अतिआवश्यक बिंदुओं पर लेखों का संकलन है। प्रो. सुनीता अग्रवाल ने बताया कि यह किताब इस विषय में नवाचारों के द्वार खोलेगी। लेखक राजीव शर्मा ने पुस्तक के विषय व लेखों के संकलन की प्रशंसा की। इस अवसर पर प्रो. जसबीर जैन, प्रो. ए के तिवारी, प्रॉ. रामा रानी लाल, प्रॉ. राजुल भार्गव व प्रॉ. सुधा राय सहित अंग्रेजी साहित्य के दिग्गज उपस्थित रहे।

### बांटे अनुभव सुनाए किस्से

विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं ने अवसर पर अपने अनुभव एक दूसरे के साथ साझा किए। उन्होंने अपने कॉलेज जीवन से लेकर वर्तमान जीवन तक की बातें एक दूसरे से बांटी। घर-परिवार से लेकर प्रोफेशन तक की बातें आपस में बांटते सभी पूर्व छात्र गर्मजोशी से भरे नजर आए। साथ ही कैंपस लाइफ की यादें साझा करते हुए छात्र उस जमाने में खोए से दिखाई दिए।

# एसकेआईटी के स्मार्ट क्रैडल प्रोजेक्ट ने जीता पुरस्कार




**बेधड़क** | जयपुर

इसरो रीजनल अकादमिक सेंटर फॉर स्पेस (आरएसी-एस) व मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर की ओर से 'रीसेंट ट्रेंड्स इन स्पेस टेक्नोलॉजी (आरटीएसटी-2024)' विषय पर सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन के दौरान स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी के ईसीई द्वितीय वर्ष के छात्र आदित्य रावत एवं सीएसई तृतीय वर्ष के छात्र आदित्य सोनी को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस IoT एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के तहत विकसित 'स्मार्ट क्रैडल फॉर बेबीज' नामक एक प्रोजेक्ट को रोबोटिक्स ट्रैक में सर्वश्रेष्ठ मॉडल पुरस्कार एवं नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस प्रोजेक्ट को सहायक प्रोफेसर दिनेश कुमार व डॉ. अमित शर्मा की सलाह के तहत विकसित एवं प्रस्तुत किया गया जिन्होंने विकास प्रक्रिया के दौरान मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान की। शिशुओं के लिए स्मार्ट पालना एक महत्वपूर्ण इनोवेशन है जो संभवतः शिशुओं के लिए उन्नत निगरानी एवं देखभाल प्रदान करने, माता-पिता या देखभाल करने वालों के लिए सुरक्षा एवं सुविधा बढ़ाने के लिए IoT तकनीक को शामिल करता है। यह मान्यता वास्तविक दुनिया की चुनौतियों को संबोधित करने में अंतःविषय सहयोग एवं इनोवेशन के महत्व को रेखांकित करती है, जैसे कि चाइल्डकेयर एंड शिशु सुरक्षा। यह सामाजिक लाभ और तकनीकी उन्नति के उद्देश्य से अनुसंधान और विकास की पहल को बढ़ावा देने में एसकेआईटी जैसे शैक्षणिक संस्थानों के योगदान पर भी प्रकाश डालता है।

### नर्सिंग ऑफिसर के लिए आवेदन 27 तक

**जयपुर।** संघ लोक सेवा आयोग की ओर से केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीन कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) में नर्सिंग ऑफिसर के पदों पर भर्ती के लिए आवेदन जारी हैं। भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 27 मार्च है। आयोग द्वारा जारी सांकेतिक विज्ञापन के अनुसार, ESIC में नर्सिंग ऑफिसर के 1930 पदों पर भर्ती की जानी है। इनमें से 892 पद अनारक्षित हैं, जबकि ईडब्ल्यूएस के लिए 193, ओबीसी के लिए 446, एससी के लिए 235 और एसटी के लिए 164 सीट आरक्षित हैं।

वहीं, कुल पदों में से 168 पद दिव्यांग श्रेणी उम्मीदवारों के लिए आरक्षित घोषित किए गए हैं। इन पदों के लिए मान्यता प्राप्त संस्थान से बीएससी नर्सिंग या जीएनएम कोर्स और 1 साल का अनुभव आवश्यक है।

**प्रशिक्षण** | केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान में विशेष व्याख्यान

# छात्रों को समझाईं इमर्जिंग टेक्नोलॉजी की बारीकियां

**बेधड़क** | जयपुर

छात्रों को इमर्जिंग टेक्नोलॉजी की बारीकियों, इसके विधि व नियामक ढांचा निर्माण तथा भविष्य के रोड मैप के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से शुक्रवार को महानिदेशक एससीआरबी डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा के मुख्य आतिथ्य में केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान (सीडीटीआई) जयपुर के निदेशक एवं डीआईजी डॉ. अमनदीप सिंह कपूर ने बताया कि पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के तत्वाधान में इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज विधि व्याख्यान श्रृंखला पर प्रथम व्याख्यान 'चैलेंजेज इन बिल्डिंग



रेगूलेटरी फ्रेमवर्क फॉर इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज' पर आयोजित हुआ। इसमें विभिन्न विधि विद्यालयों और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों की फैकल्टी, तकनीकी विशेषज्ञों व छात्रों ने भाग लिया। अंत में वर्कशॉप के मुख्य अतिथि महानिदेशक, एसीआरबी डॉ रविप्रकाश मेहरड़ा ने प्रौद्योगिकी कानून के क्षेत्र में हो रहे उपयोग व दुरुपयोग के विषय पर प्रकाश डाला। साथ ही सभी घटकों से समन्वय एवं हित धारकों की महत्ता पर बल दिया।

### आधुनिक प्रौद्योगिकी पर विशेषज्ञों ने की परिचर्चा


प्रथम व्याख्यान में साइबर कानून के विशेषज्ञ एवं सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता पवन दुग्गल ने इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज की उपयोगिता एवं चुनौतियों के नियामक ढांचे की विस्तार से जानकारी दी। इस वर्कशॉप में डॉ. अमनदीप सिंह कपूर, पवन दुग्गल एवं नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी मेघालय के वाइस चांसलर इंद्रजीत दुबे के बीच एक परिचर्चा का आयोजन हुआ। वक्ताओं ने नवीनतम प्रौद्योगिकी जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, चैट जीपीटी इत्यादि के बारे में विस्तार से उल्लेख करते हुए उक्त प्रौद्योगिकी की विधि, चिकित्सा जगत, राजनीति एवं अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में उपयोगिता के बारे मे बताया एवं आंतरिक सुरक्षा में प्रभाव पर भी चर्चा की।

# भगत सिंह के विचार दिखाते हैं क्रांति की नई राह



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

**शहीद-ए-आजम भगत सिंह के शहादत दिवस पर विशेष**



> इतिहास गवाह है, भगत सिंह की फांसी के बाद, अंग्रेज हुकूमत के खिलाफ मुल्क में जो जन ज्वार उभरा, वह फिर थामे नहीं थमा। कुछ बरसों में ही अंग्रेजों को आखिरकार हिंदुस्तान से अपनी विदाई लेनी पड़ी। भगत सिंह सिर्फ क्रांतिकारी ही नहीं, बल्कि युगद्दष्टा, स्वप्नदर्शी, विचारक भी थे।

इंकलाब ज़िन्दाबाद और साम्राज्यवाद मुर्दाबाद ये इंकलाबी नारे देकर, जंग-ए-आज़ादी में फैसलाकुन मोड़ लाने वाले शहीद-ए-आजम भगत सिंह भारत ही नहीं, बल्कि समूचे भारतीय उपमहाद्वीप की सांझा विरासत का क्रांतिकारी प्रतीक हैं। अविभाजित भारत के लायलपुर बंगा में जन्मे भगत सिंह बचपन से ही क्रांतिकारी गतिविधियों में शामिल होने लगे थे। गदर पार्टी के क्रांतिकारी आंदोलन के जानिब उनका गहरा आकर्षण था।

खास तौर पर शहीद करतार सिंह सराभा उनके आदर्श थे। जिनका फोटो वे हमेशा अपनी जेब में रखते थे। भगत सिंह ने जैसे ही होश संभाला, क्रांतिकारी संगठन 'नौजवान भारत सभा' और 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' से जुड़ गए। यह बतलाना भी लाजमी होगा कि इस संगठन के नाम में 'सोशलिस्ट' शब्द उन्हीं के सुझाव पर जुड़ा था। भगत सिंह को बचपन से पढ़ने-लिखने का जुनूनी शौक था। साल 1924 में जब उन्होंने लिखना शुरू किया, तब उनकी उम्र महज सत्रह साल थी। 'प्रताप' (कानपुर), 'महारथी' (दिल्ली), 'चांद' (इलाहाबाद), 'वीर अर्जुन' (दिल्ली) आदि समाचार पत्रों और पंजाबी पत्रिका 'किरती' में उनके कई लेख प्रकाशित हुए। हिंदी, पंजाबी, उर्दू व अंग्रेजी चारों भाषाओं पर उनका समान अधिकार था। छोटी सी ही उम्र में उन्होंने खूब पढ़ा। दुनिया को करीब से देखा, समझा और व्यवस्था बदलने के लिए जी भरकर कोशिशें कीं। अंग्रेज सरकार के 'पब्लिक सेफ्टी बिल' व 'ट्रेड डिस्प्यूट बिल' के खिलाफ उन्होंने 8 अप्रैल, 1929 को केन्द्रीय असेम्बली में बम फेंककर, अपनी गिरफ्तारी दी। बम फैंकने का मकसद किसी को घायल करना, जान से मारना नहीं था। बल्कि बहरी अंग्रेज हुकूमत के कान खोलना था। लाहौर की सेन्ट्रल जेल में बिताए अपने दो सालों में भगत सिंह ने खूब अध्ययन, मनन, चिंतन व लेखन किया। किताब 'हिस्ट्री ऑफ दि रेव्युल्यूशनरी मूवमेंट इन इंडिया', 'दि आईडियल सोशलिज्म', 'एट दि डोर ऑफ डेथ' और अपनी जीवनी उन्होंने जेल के कठिन हालात में ही लिखी थीं। भगत सिंह ने जेल के अंदर से ही न सिर्फ़ क्रांतिकारी आंदोलन को बचाए रखा, बल्कि उसे विचारधारात्मक स्पष्टता भी प्रदान की।

7 अक्टूबर, 1930 को बरतानिया हुकूमत ने सरकार के खिलाफ क्रांति का बिगुल फूंकने के इल्जाम में भगत सिंह को फांसी की सजा सुनाई। सजा सुनाए जाने के पांच महीने बाद 23 मार्च, 1931 को उनको दो साथियों सुखदेव और राजगुरु के साथ फांसी पर चढ़ा दिया गया। फांसी के पहले 3 मार्च को भगत सिंह ने अपने छोटे भाई कुलतार को भेजे एक खत में अपने जज्बात कुछ इस तरह से पेश किए थे, 'उसे ये फ़िक्र है हरदम, नया तर्ज़-ए-ज़फ़ा क्या है/हमें ये शौक है देखें, सितम की इंतिहा क्या है/......हवा में रहेगी मेरे खयाल की बिजली/ये मुश्ते खाक है फानी, रहे न रहे।'' फांसी की सजा पर भगत सिंह जरा से भी विचलित नहीं हुए और हंसते-हंसते फांसी के तख्ते पर चढ़ गए। महज साढ़े तेईस साल की छोटी सी उम्र में शहादत के लिए फांसी का फंदा हंसकर चूमने वाले, क्रांतिकारी भगत सिंह सिर्फ़ जोशीले नौजवान नहीं थे, जो कि जोश में आकर अपने वतन पर मर मिटे थे। उनके दिल में देशभक्ति के जज्बे के साथ एक सपना था। भावी भारत की एक तस्वीर थी। जिसे साकार करने के लिए ही उन्होंने अपना सर्वस्वः देश पर न्यौछावर कर दिया। फांसी से पन्द्रह दिन पहले उन्होंने अपने एक साथी से कहा था, 'अगर मुझे छोड़ दिया गया, तो अंग्रेजों के लिए मैं एक मुसीबत बन जाऊंगा। अगर मुस्कुराहटों की माला पहने मैं मर गया, तो हिंदुस्तान की हर मां अपने बच्चे को भगत सिंह बनाना चाहेगी और इस तरह आजादी की लड़ाई में सैकड़ों बहादुर पैदा होंगे, तब इस शैतानी ताकत के लिए क्रांति का यह मार्च रोकना बहुत मुश्किल होगा।'' इतिहास गवाह है, भगत सिंह की फांसी के बाद,अंग्रेज हुकूमत के खिलाफ मुल्क में जो जन ज्वार उभरा, वह फिर थामे नहीं थमा। कुछ बरसों में ही अंग्रेजों को आखिरकार हिंदुस्तान से अपनी विदाई लेनी पड़ी।

भगत सिंह सिर्फ क्रांतिकारी ही नहीं, बल्कि युगदृष्टा, स्वप्नदर्शी, विचारक भी थे। वैज्ञानिक, ऐतिहासिक दृष्टिकोण से सामाजिक समस्याओं के विश्लेषण की उनमें अद्भुत क्षमता थी। भगत सिंह ने कहा था कि 'मेहनतकश जनता को आने वाली आज़ादी में कोई राहत नहीं मिलेगी।' यही नहीं अपनी मां को लिखे एक खत में उन्होंने कहा था, 'मां, मुझे इस बात में बिल्कुल शक नहीं, एक दिन मेरा देश आजाद होगा। मगर मुझे डर है कि 'गोरे साहब' की खाली की हुई कुर्सी में काले/भूरे साहब बैठने जा रहे हैं।' उनकी भविष्यवाणी अक्षरशः सच साबित हुई। देश आजाद जरूर हो गया, लेकिन सत्ताधारियों का किरदार और आम आदमी के जानिब उनका बर्ताव नहीं बदला। आजादी के बाद मुल्क में जिन आर्थिक सुधारों का तसव्वुर क्रांतिकारियों ने किया था, वह आज तक नहीं हुआ है। अमीर-गरीब के बीच दूरी खत्म होने की बजाय, और ज्यादा बढ़ी है। आज देश में प्रतिक्रियावादी शक्तियों की ताकत पहले के मुकाबले कई गुना बढ़ी है। पूंजीवाद, बाज़ारवाद, साम्राज्यवाद के नापाक गठबंधन ने सारी दुनिया को अपने आगोश में ले लिया है। अपने ही देश में हम आज दुष्कर परिस्थितियां में जी रहे हैं। चहुं ओर समस्याएं ही समस्याएं हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## डॉ. राममनोहर लोहिया की जयंती आज

# उर्वशीयम की चेतना पर न्योछावर लोहिया



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> *देश के अन्य राज्यों की तरह आज भी पूर्वोत्तर में आधुनिकता का विकृत रूप अपना असर नहीं छोड़ पाया है। यहां अब भी लोक संगीत ही जीवन को रसों से सराबोर करती है। यहां के लोक उत्सवों में क्षेत्रीय संस्कृति की जीवंतता परंपरागत रुप से स्वीकार्य है। डॉ. लोहिया का मानना था कि उर्वशीयम की भाषा-संस्कृति और लोक उत्सवों का विचार प्रवाह भारत की आध्यात्मिक चेतना को नवजीवन प्रदान करती है।*

डॉक्टर राममनोहर लोहिया उर्वशीयम यानी पूर्वोत्तर की नागरिक स्वतंत्रता और सांस्कृतिक चेतना को लेकर बेहद संवेदनशील थे। राष्ट्र की सुरक्षा के लिए पूर्वोत्तर की रक्षा, यहां के लोगों के अधिकारों का सम्मान और संस्कृति के मूलतत्वों को संजाए रखने को अपरिहार्य मानते थे। उनके नागरिका अधिकारों के समग्र चिंतन की परिधि में यहां के लोगों की कालजयी संस्कृति, अनुपम प्राकृतिक छंटा भी समाहित थी जिसे देखकर डॉ. लोहिया ने इसे उर्वशीयम नाम दिया। सच कहें तो पूर्वोत्तर में रहने वाले नागरिकों के अधिकारों, सभ्यतागत आचार-विचारों और जीवन की जीवंतता से जुड़े गुणसूत्रों को बचाने के लिए जितना डॉक्टर राममनोहर लोहिया ने संघर्ष किया उतना दूसरी मिसाल भारत में नहीं मिलती है। 1962 में भारत-चीन युद्ध के बाद डॉक्टर राममनोहर लोहिया तीन दिनों की यात्रा पर उर्वशीयम (अरुणाचल प्रदेश) पहुंचकर लोगों को नागरिक अधिकारों और सांस्कृतिक चेतना के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नागरिक अधिकारों के संघर्ष में उन सभी भावों को आवश्यक माना जो राष्ट्र निर्माण की चेतना के लिए आवश्यक होते हैं। विचार करें तो डॉ. लोहिया ने पूर्वात्तर को यों ही उर्वशीयम नाम नहीं दिया। पूर्वोत्तर के सभी राज्य असम, मणिपुर, मेघालय अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा अपनी विशिष्ट संस्कृति, परंपरा व जीवंतता के लिए सुविख्यात हैं। इनकी लोकपरंपरा, लोकरंग और जीवन माधुर्य भारतीयता के माथे पर रत्नजड़ित मुकुट है। स्वर्णिम आभायुक्त ये सभी राज्य भारतीयता की सहज अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक बोध की विविधता की ऐतिहासिक धरोहरों को संजाए हुए हैं।



डॉ. लोहिया इस मनमोहक छंटा से बेहद प्रभावित थे। ये राज्य इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं कि जनजाति प्रधान हैं और इनकी विशिष्ट सांस्कृतिक परंपरा भारत राष्ट्र की विविधता के विभिन्न आयामों का प्रतिनिधित्व करता है। इन राज्यों में खासी, गारो, सूमी, कुकी, देवरी, भूटिया, बोडो, अंगामी और अपतानी जजजातियां विशेष रुप से उल्लेखनीय हैं जो अपने सांस्कृतिक मूल्यों का आज भी निर्वहन करते हैं। इन जनजातियों की भाषा, कला, परंपरा, और त्यौहार मानवीय मूल्यों समृद्ध, उदात्त और प्रकृति के सापेक्ष और एकरसता से परिपूर्ण हैं। डॉ. लोहिया इस एकरसता से पूर्ण उर्वशीयम को भारतीयता चेतना का मधुर स्वर मानते थे। इस समवेत क्षेत्र में 200 से अधिक भाषाएं एवं उपभाषाएं बोली जाती हैं और चार सैकड़ा से अधिक जनजातीय समुदाय इस पूर्वोत्तर के उपवन को गुलजार करते हैं। भारत के कुल क्षेत्रफल का तकरीबन 8 प्रतिशत वाला यह क्षेत्र इतना वैविध्यपूर्ण और छटाओं से भरपूर है कि अगर इसे भारत की सामाजिक-सांस्कृतिक प्रयोगशाला कहा जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी।

विविध किस्म की वनस्पति से आच्छादित यह क्षेत्र नैसर्गिक सुंदरता को धारण किए हुए जनजातीय समाज की सांस्कृतिक सुंदरता, सहजता और पवित्रता को प्रतिध्वनित करता है। यह भूमि जितना सहज व सुंदर हैं उतना ही धर्म व आध्यात्म से परिपूर्ण मानवतावादी भी। इस क्षेत्र के आध्यात्मिक वातावरण में आज भी श्रीमंत शंकरदेव की आध्यात्मिक पूंजी, राधाकिशोरपुर की देवी त्रिपुर सुंदरी की पवित्रता, परशुरामकुंड की निर्मलता, मां कामाख्या के प्रति समर्पण का अद्वितीय भाव और श्रीकृष्ण के पौत्र अनिरुद्ध और बाणासुर की पुत्री ऊषा का निश्छल प्रेमभाव लोगों के हृदय को झंकारित करता है। यहां के जनजातीय समुदाय के लोगों का मौलिक धर्म प्रकृतिपूजा है। प्रकृति का हर अवयव इनके लिए पूजनीय और आराध्य है।

आधुनिकता की चरम पराकाष्ठा के बावजूद भी जनजातीय समाज आज भी नदी, सूर्य, चंद्रमा, पर्वत, पठार, पृथ्वी, झील और वन की उदारता व सहजता से पूजा करता है। इनका ईश्वर प्रकृति के कण-कण में व्याप्त है। जनजातीय समुदाय आज भी पारंपरिक विधि व निषेध का दृढ़ता व सहजता से पालन करते हैं। उसका मूल कारण अपनी सांस्कृतिक के प्रति अदम्य निष्ठा और विश्वास है। डॉ. लोहिया का स्पष्ट मानना था कि उर्वशीयम की आत्मा उसके सांस्कृतिक उपागमों में बसती है और उसकी जीवंतता हजारों साल बाद भी बनी रहेगी। यहीं कारण है कि अन्य राज्यों की तरह आज भी पूर्वोत्तर में आधुनिकता का विकृत रूप अपना असर नहीं छोड़ पाया है। यहां अब भी लोक संगीत ही जीवन को रसों से सराबोर करती है।

यहां के लोक उत्सवों में क्षेत्रीय संस्कृति की जीवंतता परंपरागत रुप से स्वीकार्य है। डॉ. लोहिया का मानना था कि उर्वशीयम की भाषा-संस्कृति और लोक उत्सवों का विचार प्रवाह भारत की आध्यात्मिक चेतना को नवजीवन प्रदान करती है। डॉ. लोहिया मातृशक्ति के प्रबल पैरोकार थे। वे अकसर अपने साहित्य में सीता और द्रौपदी का उल्लेख करते हैं। डॉक्टर लोहिया को जनजातीय समाज की सामाजिक बुनावट में माता की आदरणपूर्ण स्वीकार्यता बेहद पसंद भी। उनकी ममत्व के प्रति अगाध प्रेम व निष्ठा डॉ. लोहिया को बेहद प्रभावित करती थी। विचार करें तो जनजातीय समाज में स्त्रियों के प्रति समान और संवेदना भारत की वैचारिक संवेदनाओं को एक नया आयाम देता है। उदाहरण के लिए मेघालय का समाज मातृसत्तात्मक है।

डॉ. लोहिया अकसर इस स्थानीय परंपरा और लोकसंस्कृति को संरक्षित करने की बात कहा करते थे। पूर्वोत्तर भारत की जनजातीय कला व शिल्प अद्वितीय और अलौकिक प्रतिमानों से भरपूर है। कालीन बनाना, मुखौटे गढ़ना, पेंट किए गए लकड़ी के पात्र बनाना, बांस और बेंत की अद्भुत कलाकारी, मजबूत कांसे की कटोरियां, कानों की बालियां, हार, बाजूबंद, संगीत वाद्य और लकड़ी की नक्काशी का काम इनकी दिनचर्या का हिस्सा है। यह कार्य इनका आर्थिक उपार्जन के साथ-साथ पूर्वोत्तर की अर्थव्यवस्था को मजबूती देता है।

वे भाषा को अपना विचार व्यक्त करने का एक माध्यम मानते थे, लेकिन लोकभाषा को सहेजने के प्रबल पक्षधर भी थे। उनका मानना था कि लोकभाषा से ही संस्कृति के मूलभाव संरक्षित होते हैं। यह सच्चाई भी है कि प्रत्येक समूह की भाषा में उसके प्रतीकों को व्यक्त करने की क्षमता होती है और यदि भाषा में परिवर्तन हो जाय तो समूहों के मूल्यों और उपयोगी व्यवहारों में भी परिवर्तन होने लगता है। जनजातीय समुदाय के साथ भी कुछ ऐसा ही हो रहा है। जनजातीय समूहों में उनकी परंपरागत भाषा से संबधित सांस्कृतिक मूल्यों और आदर्श नियमों का क्षरण होने से आज जनजातीय समुदाय संक्रमण के दौर से गुजर रहा है। डॉ. लोहिया जंगल-जमीन पर उर्वशीयम के लोगों का सार्वभौमिक अधिकार मानते थे। वे कतई नहीं चाहते थे कि उन्हें उजाड़कर उनकी भूमि का दूसरे कार्यों के लिए उपयोग हो। आज डॉक्टर लोहिया जीवित होते तो उर्वशीयम के नागरिक अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ उनकी सांस्कृतिक विविधता के लिए संसद से लेकर सड़क तक आंदोलन करते।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# देश सेवा का जज्बा!



पूरन सरमा
व्यंग्यकार

घर के बाहर किसी ने आकर तीन बार 'भारत माता की जय हो' नारे लगाए तो स्वाभाविक तौर पर मैं चैंका। बाहर आया तो देखा तीन-चार युवक थे। फिर उनमें से एक को गौर से देखा तो पहचान गया, वह गोपाल था। गोपाल मेरे दफ्तर में था, लेकिन हुलिया एकदम बदला हुआ था, चोला-पायजामा और सिर पर टोपी। मुझे देखते ही उसने मेरे चरण कमलों का स्पर्श किया और बोला- 'सर, आपका आशीर्वाद चाहिए।' मैंने कहा- 'भाई गोपाल वह तो सदैव तुम्हारे साथ रहा है, जब तुम दफ्तर में कामचोरी करते थे, तब भी मेरा आशीर्वाद था तुम्हें। परन्तु तुमने अपना लिबास कब बदल लिया। मैं रिटायरमेंट के समय तो तुम्हें अच्छा-भला छोड़कर आया था।' वह बोला- 'सर, यह लिबास मैंने आज ही बदला है और आपको बताने आया हूं कि मैं चांदनी चैक से एमएलए का चुनाव लड़ रहा हूं।' मेरे नेत्र खुले के खुले रह गए और मैं बोला- 'चुनाव, लेकिन चुनाव लड़ने जैसी बात तो तुमने पहले कभी बताई नहीं थी। यह यकायक तुम्हें क्या हुआ है? मेरा मतलब तुमने नौकरी छोड़ दी है?' वह बोला- 'हां साहब, मैं देश सेवा करना चाहता हूं।' तब तक मैं थोड़ा सहज हो गया था, इसलिए बोला-'वैरी गुड, देश सेवा भी बुरा धंधा नहीं है। इसमें हाथ डालोगे तो कुछ न कुछ बन भी जाओगे, लेकिन भाई इसमें तो पैसा बहुत चाहिए। पहले निवेश करो तब रिटर्न सालों में मिलता है।'

गोपाल बोला-'सर, मैं वाकई देश सेवा करना चाहता हूं। अन्ना का भक्त हूं। उन्हीं की प्रेरणा से आज सब कुछ त्यागकर मैं मूल्यों की राजनीति करना चाहता हूं।' मैंने कहा-'वही तो मैं कह रहा था, राजनीति बिना मूल्य के आज करेगा भी कौन?' गोपाल ने मेरा छुपा व्यंग्य समझा नहीं और उत्साह से बोला-'सर, बस यही समझिए। दरअसल मैं भष्टाचार और महंगाई के विरूद्ध आवाज उठाकर चुनाव जीतने का दम भर रहा हूं। आप खुद देख रहे हैं, देश की हालत क्या हो रही है।' मैं बोला- 'गोपाल, मैं सब देख रहा हूं। तुम्हारे दोनों मुद्दे ज्वलंत हैं। इसमें गरीबी मिटाने जैसा तुर्रा और लगा लेते तो राह आसान हो जाती। मेरा मतलब भय, भ्रष्टाचार और भूख मिटाने से है।' गोपाल के होंठ थोड़ा हंसे और वह बोला-'सर भ्रष्टाचार और महंगाई, दोनों ही मुद्दे गरीब के लिए हैं। मैं अब और बर्दाश्त नहीं कर सकता। धंधेबाज राजनेता देश को लूट रहे हैं और भारत चमकाने और भारत निर्माण की बातें कर रहे हैं। सर, इन सबका पर्दाफाश होना ही चाहिए।' मैंने देखा गोपाल का चेहरा तो उस पर ईमानदारी का जोश और व्यवस्था से लड़ने का जज्बा दिखाई दिया। मुझे गोपाल के बीवी-बच्चों का ख्याल आ गया कि अगर यह वाकई देश सेवा करने निकल गया तो वे क्या करेंगे? मैंने यही प्रश्न गोपाल पर दागा तो उसने कहा- 'सर, देश सेवा पहले है। बीवी-बच्चों को पेंशन बहुत है। अब मैं चुप नहीं रह सकता।'

मुझे लगा गोपाल 1942 के भारत छोड़ो आन्दोलन का कोई फ्रीडम फाइटर है, जिसे अच्छा बनने का दौरा पड़ गया है। मैं बोला- 'गोपाल, तुम स्वस्थ तो हो न। मेरा मतलब सोचने-समझने की तुम्हारी शक्ति कहीं लुप्त तो नहीं हो गई?' वह बोला- 'नहीं सर, मैं पूरे होशो-हवास में हूं। मैं देश को बदल डालूंगा। बहुत हो गया, धैर्य जवाब दे रहा है। ये मेरे साथी हैं।' मैंने शेष तीनों को देखा तो वे कुटिलता से मंद मुस्कान बिखेर रहे थे। मैंने कहा-'आप लोग गोपाल की बातों से सहमत हैं?' उनमें से एक बोला-'सर, हम लोग वर्षों से मूल्यों की राजनीति ही कर रहे हैं। जब तक इनके पास मूल्य हैं, हम लोग डटे रहेंगे।' मैं समझ गया ये आज के राजनेता हैं, जो गोपाल के रिटायरमेंट के बदले मिले पैसों तक के साथी हैं। बाद में ये लोग गोपाल को छोड़ देंगे। मैंने गोपाल से कहा-'गोपाल एक बार और सोच लेते। चुनाव थोड़ा ठहर कर लड़ लेते।' वह बोला-'नहीं सर, फिर देर हो जाएगी।' यह कह कर उसने तीन बार 'भारत माता की जय हो' के नारे का उद्घोष किया और चला गया। मैंने मन ही मन कहा-'बेचारा गोपाल। भगवान उसकी रक्षा करे।' मैं भारी मन से अंदर आ गया। बार-बार मेरी आंखों में गोपाल का चेहरा घूम रहा था। उसकी देश सेवा के जज्बे को बार-बार नमस्कार।


## नॉलेज कॉर्नर: ड्रेगन की अंडरग्राउंड न्यूट्रिनो लैब चर्चा में

# गहराई में किस रहस्य का जवाब ढूंढ रहा चीन!

चीन अकसर अपने लैब एक्सपेरिमेंट से दुनिया को चौंकाता रहा है। कुछ साल पहले ही उसने लैब में आर्टिफिशियल सूरज बनाकर सब को हक्का-बक्का कर दिया था। इस बार ड्रैगन जमीन की गहराई में जाकर विज्ञान के सबसे बड़े सवालों में से एक को सुलझाने की तैयारी कर रहा है। इस मकसद को हासिल करने के लिए वो जमीन से 700 मीटर नीचे और 35 मीटर डाइमीटर की गोल आकार की लैब भी बना रहा है। आइए जानते हैं चीन अब किस फिराक में है और दुनिया को इससे क्यों फर्क पड़ रहा है। चीन गुआंग्डोंग प्रांत के काईपिंग शहर में जियांगमैन अंडरग्राउंड न्यूट्रिनो लैब (जूनो) नाम की लैब बना रहा है। आज के नॉलेज कॉर्नर में अधिक जानते हैं इस बारे में...

### क्या होता है न्यूट्रिनो?

आपने स्कूल में पढ़ा होगा कि दुनिया की हर चीज परमाणु (एटम) से बनी हैं। एटम के केंद्र में न्यूकलियस होता है, जिसके चारो ओर इलेक्ट्रॉन्स घूमते हैं। न्यूक्लियस के अंदर प्रोटोन्स और न्यूट्रॉन्स रहते हैं। न्यूट्रिनो और न्यूट्रॉन्स सुनने में भले ही एक जैसे लगते हो, लेकिन इन दोनों में बहुत ज्यादा अंतर है। न्यूट्रिनोस इन सब से बेहद छोटे होते हैं। ये इतने हल्के होते हैं कि काफी समय तक वैज्ञानिकों का मानना था कि इनका मास शून्य है। न्यूट्रिनोस, इलेक्ट्रॉन की तरह फंडामेंटल पार्टिकल्स होते हैं किंतु ये परमाणु



के भाग नहीं होते हैं। फंडामेंटल पार्टिकल्स वे होते हैं जिन्हें और ज्यादा तोड़ा नहीं जा सकता। भले ही न्यूट्रिनोस के बारे में अब चर्चा हो रही है, लेकिन ये कण ब्रह्मांड में बड़े पैमाने पर मौजूद हैं।

### आर-पार हो सकते हैं न्यूट्रिनोस

सूरज, तारे और वायुमंडल द्वारा प्रति सेकेण्ड लाखों न्यूट्रिनोस का निर्माण होता है। न्यूट्रिनोस ऐसे कण होते हैं जो कि पृथ्वी के पार जा कर दूसरी ओर से आ सकते हैं। इसका कारण है कि वो अपने मार्ग में आने वाली चीजों से बेहद कम इंटरैक्ट करता है। इसे टार्च के उदाहरण से बेहतर समझा जा सकता है। टार्च से निकली लाइट की किरणें दीवार के पार नहीं जा पातीं क्योंकि लाइट के कण दीवार के साथ इंटरैक्ट करते हैं और दीवार के दूसरी ओर जाने के पहले बिखर जाते हैं। दो कणों के इंटरैक्शन उनकी गति, दिशा जैसे गुण प्रभावित होते हैं। चूंकि न्यूट्रिनोस के इंटरैक्शन की दर अत्यंत दुर्बल होती है इसलिए उनके गुण (दिशा,गति आदि) में कोई हानि नहीं होती। चीन की अंडरग्राउंड लैब का मुख्य लक्ष्य यही पता लगाना है कि इनमें से किस प्रकार के न्यूट्रिनो का मास सबसे ज्यादा है और किस का सबसे कम है।

**सबसे बड़ा अनसुलझा रहस्य**

*न्यूट्रिनो ने दुनियाभर के देशों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। यह विज्ञान में सबसे बड़े अनसुलझे रहस्य में से एक है। वैज्ञानिक यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि न्यूट्रिनो बाकी मैटर के साथ कैसे संपर्क करता है। कुछ वैज्ञानिकों का मत है कि बिग बैंग के बाद सभी एंटीमैटर के गायब होने की वजह न्यूट्रिनो ही थे।* कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन



**भजनलाल शर्मा**, मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
खुशियों के रंग, अपनों के संग...। सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के सांगानेर मंडल द्वारा आयोजित फागोत्सव के भव्य कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सांगानेर परिवार को होली के महापर्व की हार्दिक मंगलकामनाएं प्रेषित की। आप सभी को रंगोत्सव की अनेकों शुभकामनाएं।

### बिहार: सीटों के बंटवारे पर महागठबंधन में शामिल दलों के नहीं मिल रहे सुर, मीसा भारती भी लड़ेंगी चुनाव

# लालू यादव का 'खेला'- बांट रहे सिंबल, गठबंधन तय नहीं कर पाया नाम

एजेंसी | पटना

बिहार में विपक्षी दलों के महागठबंधन अभी तक सीटों के बंटवारे पर फैसला नहीं कर पाया है। वहीं, कयास लग रहे हैं कि पहले चरण में जिन लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होना है, उनके लिए राजद ने प्रत्याशियों को सिंबल दे दिया है।

बिहार में पहले चरण में 4 सीटों नवादा, गया, औरंगाबाद और जमुई में चुनाव होने हैं। लेकिन अभी तक महागठबंधन में सीटों पर फैसला नहीं हो पाया है। बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राजद के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत चल रही रही है। एक-दो दिनों में इसकी घोषणा भी कर दी जाएगी।

सूत्रों के अनुसार कांग्रेस की परेशानी यह है कि राजद ने सहयोगी दलों द्वारा लड़ी जाने वाली सीटों को अंतिम रूप देने से पहले ही अपने प्रत्याशियों को पार्टी सिंबल बांटना शुरू कर दिया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सिंह ने कहा है कि उन्हें इस बात की औपचारिक रूप से कोई जानकारी नहीं है कि राजद ने प्रथम चरण की चार लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया है। दरअसल, शुक्रवार को लालू यादव ने बांका सीट पर भी जयप्रकाश यादव को उम्मीदवार बना दिया है। उन्होंने मीसा भारती और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के हाथों से जयप्रकाश यादव को पार्टी का सिंबल दिया और जीत का आशीर्वाद दिया।

औरंगाबाद सीट पर राजद यहां पहली बार चुनाव मैदान में उतरने को तैयार है। सूत्रों के मुताबिक, राजद ने यहां से अभय कुशवाहा को सिंबल भी दे दिया है। वहीं, राजद प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि सीट बंटवारे पर बातचीत अंतिम दौर में है। कांग्रेस को पांच से अधिक सीटें आवंटित की गई हैं। कांग्रेस कुछ और सीटें मांग रही है और पार्टी प्रमुख लालू यादव इस मुद्दे को हल कर रहे हैं।




#### कांग्रेस ने सौंपी थी दस सीटों की सूची, आवंटन में बदली सीटें

सूत्रों के अनुसार कांग्रेस ने कथित तौर पर राजद प्रमुख को दस सीटों की सूची सौंपी थी, जिन पर वह चुनाव लड़ना चाह रही थी। इनमें औरंगाबाद, नवादा, सासाराम, पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज, बेतिया, समस्तीपुर, सुपौल और मोतिहारी शामिल हैं। समझा जाता है कि इसके बजाय कांग्रेस को को छह सीटें आवंटित की गई हैं, जिनमें पूर्णिया, किशनगंज, पटना साहेब, बेतिया, मुजफ्फरपुर और वाल्मीकि नगर शामिल हैं। इस पर बिहार प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रमुख अनिल शर्मा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सीट समझौते को औपचारिक रूप दिए बिना आरजेडी प्रत्याशियों को टिकट देने का एकतरफा निर्णय 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से निपटने के राजद-लोजपा के तरीके को याद दिलाता है। वहीं, बिहार के एआईसीसी प्रभारी मोहन प्रकाश ने कहा कि वे राजद द्वारा चुनाव चिह्न वितरण के बाद सामने आए मुद्दों पर गौर कर रहे हैं

## पीएम मोदी के खिलाफ कार्रवाई की जाए: डीएमके



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगया है और चुनाव आयोग से उनके खिलाफ उचित कार्रवाई करने की अपील की है। डीएमके का कहना है कि पीएम मोदी द्वारा एक रैली में विपक्ष के खिलाफ गलत बयानबाजी की गई है। डीएमके के अनुसार पीएम मोदी ने कहा कि विपक्ष बार बार हिंदू धर्म का अपमान कर रहा है। विपक्ष के नेता अन्य धर्मों के खिलाफ कुछ नहीं बोलते लेकिन जब भी उन्हें मौका मिलता है, तो वे बिना समय गंवाए हिंदू धर्म का अपमान करते हैं। आर एस भारती ने 21 मार्च को चुनाव आयोग को लिखे पत्र में कहा कि कि पीएम मोदी की यह टिप्पणी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है।

## अनिल विज से मिलने पहुंचे सीएम सैनी

**अंबाला।** हरियाणा का मुख्यमंत्री बनने के बाद नायब सिंह सैनी शुक्रवार को पहली बार अनिल विज से मिलने अंबाला स्थित उनके आवास पर पहुंचे थे। इस दौरान विज ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। वहीं, नायब सैनी ने विज से पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। नायब सैनी और अनिल विज के बीच करीब 40 मिनट तक बातचीत हुई। इस दौरान दोनों के चेहरे पर मुस्कुराहट देखने को मिली।बता दें कि पिछले कुछ समय से अनिल विज नाराज चल रहे थे। जिसकी झलक उनके बयानों पर भी देखने को मिल रही थी। लेकिन नायब सैनी लगातार कह रहे थे वो हमारे वरिष्ठ नेता हैं और हम उनका मार्गदर्शन पहले भी लेते आए हैं और आगे भी लेते रहेंगे। विज से मुलाकात के बाद सीएम ने कहा कि ये हमारे वरिष्ठ नेता हैं।

### ओडिशा: लोकसभा व विधानसभा चुनाव के लिए हो रही व्यूहरचना

# बीजद व भाजपा में नहीं बनी बात अब दोनों पार्टियां होंगी मैदान में

एजेंसी | नई दिल्ली

ओडिशा में भाजपा-बीजद गठबंधन के प्रयास मूर्त रूप नहीं ले सके हैं। अब यह साफ हो गया है कि दोनों पार्टियां अलग अलग रह कर ही चुनाव लडेंगी। हालांकि पूर्व में दोनों पार्टियां एक दशक से भी अधिक समय तक गठबंधन में रही हैं।

ओडिशा में लोकसभा के साथ ही विधानसभा चुनाव भी होने हैं और दोनों पार्टियों में सीटों के बंटवारे पर लंबी बातचीत भी हुई पर सहमति नहीं बन सकी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन समाल ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साफ किया कि पार्टी ओडिशा में अकेले ही लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ेगी। बीजद ने कुछ दिन पहले से ही अपने उम्मीदवार भी घोषित करना शुरू कर दिया था। राज्य विधानसभा में कुल 147 सीटें हैं।

समाल ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि बीजद केंद्र की मोदी सरकार को राष्ट्रीय महत्व के अनेक मुद्दों पर समर्थन देती आई है, इसके लिए उनका आभार। साथ ही उन्होंने लिखा कि ओडिशा में मोदी सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाएं जमीन पर नहीं पहुंच पा रही हैं, जिससे यहां के लोगों को उनका लाभ नहीं मिल पा रहा है। समाल ने लिखा कि ओडिशा-अस्मिता, ओडिशा-गौरव और ओडिशा के लोगों के हित से जुड़े कई विषयों पर हमारी चिंताएं हैं। भाजपा इस बार लोकसभा की सभी 21 सीटों और विधानसभा की सभी 147 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी।




#### पिछली बार भी अलग- अलग लड़ा था दोनों पार्टियों ने चुनाव

पिछला लोकसभा और विधानसभा चुनाव भी भाजपा और बीजद ने अलग -ही लड़ा था। हालांकि 1998 से लेकर 2009 तक भाजपा और बीजद साथ थीं। जब केंद्र में अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार थी तो बीजद नेता नवीन पटनायक उस सरकार में इस्पात और खान मंत्री थे। 1998 के लोकसभा चुनाव में भाजपा-बीजद गठबंधन ने 21 में से 17 लोकसभा सीटें जीती थी। 1999 में हुए चुनाव में इस गठबंधन को 19 सीटें मिली। 2004 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन ने ओडिशा की 21 सीटों में से 18 पर जीत दर्ज की। बीजद ने 2009 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा से खुद को दूर कर लिया और राजग से बाहर निकल गई। पिछले लोकसभा चुनाव को देखें तो भाजपा ने वहां अकेले चुनाव लड़कर 21 में से 8 सीटों पर जीत दर्ज की। 12 सीटें बीजद के खाते में गई और एक सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार जीता।

#### सीटों के आंकड़े पर फंस गया था पेंच

सूत्रों के अनुसार भाजपा राज्य में लोकसभा की 21 सीटों में से 14 पर चुनाव लड़ना चाहती थी और बीजद को सिर्फ 7 सीटें मिल रही थी। वहीं, विधानसभा की 147 सीटों में से मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की पार्टी बीजद ने 100 सीटों की मांग की थी, जिसे भाजपा ने नामंजूर कर दिया था। दोनों के पार्टियों के बीच गठबंधन न होने के कुछ और भी मुद्दे हो सकते हैं, जैसे बीजद भुवनेश्वर और पुरी लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ना चाहता था। वहीं, विधानसभा चुनावों पर बीजद कोई समझौता नहीं करना चाहता था।

#### ओडिशा विस चुनाव ( 2019 में यह रहे नतीजे)

**कुल सीटें 147(146 सीटों के लिए हुआ था मतदान)**

| | | |
|---|---|---|
| बीजद | - | 112 |
| भाजपा | - | 23 |
| कांग्रेस | - | 09 |
| अन्य | - | 02 |

**लोकसभा चुनाव 2019**

| | | |
|---|---|---|
| बीजद | - | 12 |
| भाजपा | - | 8 |
| कांग्रेस | - | 01 |

#### 2000 में बनी थी पहली भाजपा-बीजद गठबंधन सरकार

बीजद ने साल 2000 में ओडिशा में अपना पहला विधानसभा चुनाव लड़ा था। तब उसे 68 सीटें मिलीं। बीजद ने 38 सीट जीतने वाली भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाई और कांग्रेस की सरकार को बेदखल किया। दोनों पार्टियां 11 साल तक साथ रहीं। 2009 का चुनाव अलग अलग लड़ा। तब बीजद ने 103 सीटों पर जीत दर्ज कर सरकार बनाई। भाजपा को 6 सीट पर ही जीत मिली। तब कांग्रेस की 27 सीटें थी। 2014 के चुनाव में बीजद के खाते में 117 सीटें आई।

### SC की सख्ती पर राज्यपाल ने बदला फैसला

# पोनमुडी को दिलाई मंत्री पद की शपथ




एजेंसी | चेन्नई/ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के एक दिन बाद शुक्रवार को तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने वरिष्ठ द्रमुक नेता के पोनमुडी को मंत्री पद की शपथ दिलाई। आय से अधिक संपत्ति के मामले में 19 दिसंबर 2023 को मद्रास हाईकोर्ट द्वारा दोषी ठहराए जाने के बाद अपना पद खोने के लगभग तीन महीने बाद पोनमुडी फिर से मंत्री बनें हैं। राजभवन में एक सादे समारोह में राज्यपाल ने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उदयनिधि स्टालिन और एमए सुब्रमण्यम सहित कुछ अन्य मंत्रियों की उपस्थिति में पोनमुडी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। पोनमुडी को उच्च शिक्षा विभाग सौंपा गया, जो कुछ समय के लिए पिछड़ा वर्ग मंत्री आर एस राजकन्नप्पन के पास था। मंत्री के रूप में पोनमुडी के शपथ ग्रहण से राज्यपाल रवि और सीएम स्टालिन के बीच टकराव खत्म हो गया। इससे पहले राज्यपाल के शपथ दिलाने से इनकार करने पर मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

#### सुप्रीम कोर्ट को दी जानकारी

अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ से कहा कि राज्यपाल ने पोनमुडी को मंत्री के रूप में शपथ लेने के लिए अपराह्न 3.30 बजे बुलाया है। राज्यपाल ने यह भी कहा है कि उनकी अदालत की अवमानना की जरा भी मंशा नहीं है। दरअसल, राज्यपाल ने पोनमुडी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों का हवाला देते हुए उन्हें शपथ दिलाने से इनकार कर दिया था। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राज्यपाल को 24 घंटे के भीतर निर्णय लेने का निर्देश देते हुए कहा था कि वह न्यायालय की अवहेलना कर रहे हैं।

### हिमाचल: तीन निर्दलीय विधायकों ने दिया इस्तीफा

# बदलेंगे पाला, BJP के टिकट पर उप चुनाव लड़ने की तैयारी

एजेंसी | शिमला

राजनीतिक गहमागहमी के बीच हिमाचल प्रदेश के तीन निर्दलीय विधायकों ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा पहुंचकर अपना इस्तीफा दे दिया। इनमें केएल ठाकुर, होशियार सिंह और आशीष शर्मा शर्मा हैं। तीनों विधायकों ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर से मुलाकात कर अपना इस्तीफा विधानसभा सचिव को सौंपा। निर्दलीयों के अनुसार उन्होंने अपने क्षेत्र की जनता के हित में विधायक पद से इस्तीफा दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा से विधानसभा उपचुनाव लड़ेंगे। भाजपा की ओर से जल्द टिकट तय होंगे। उन्होंने कहा कि एक-दो दिन में भाजपा की सदस्यता लेंगे।

#### इस्तीफे मिले पर अभी स्वीकार नहीं किए संवैधानिक प्रावधानों की जांच

हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे स्वीकार नहीं किए हैं। हमें उनके इस्तीफे मिल गए हैं लेकिन हम इसके लिए नियमों और सांविधानिक प्रावधानों की जांच कर रहे हैं। उधर, तीनों निर्दलीय विधायकों के त्यागपत्र से राज्य की राजनीतिक में फिर से नए समीकरण बनने के आसार हैं। इनके इस्तीफे से खाली विधानसभा सीटों पर भी चुनाव होंगे। अब कुल नौ विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव होना तय है। अयोग्य घोषित कांग्रेस के छह बागियों की सीटों पर उपचुनाव का शेड्यूल पहले ही जारी हो चुका है।

## तेजस्वी सूर्या के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**बेंगलुरु।** चुनाव आयोग के अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि सोशल मीडिया पर कथित नफरत भरे पोस्ट को लेकर भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

यह कदम चुनाव निकाय और बृहद् बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) के अधिकारियों द्वारा दायर एक शिकायत के बाद उठाया गया है।

तेजस्वी सूर्या बेंगलुरु दक्षिण से सांसद हैं और भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष भी हैं। आरोप है कि उन्होंने पिछले दिनों एक पोस्ट में दो समुदायों के बीच दुश्मनी फैलाई थी।

### पुडुचेरी: गृह मंत्री नमस्सिवायम को टिकट

# तमिलनाडु की 14 और सीटों पर भाजपा ने घोषित किए प्रत्याशी

एजेंसी | चेन्नई

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने तमिलनाडु की 14 सीटों के लिए प्रत्याशियों के नाम तय कर लिए हैं। इसके अलावा पुडुचेरी की एक सीट के लिए भी उम्मीदवार तय कर लिया गया है। इसके साथ ही अब तक तमिलनाडु और पुडुचेरी के लिए 24 उम्मीदवारों की घोषणा की जा चुकी है। भाजपा 2019 के लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु से एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। राज्य की 39 लोकसभा सीटों पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। पार्टी ने तमिलनाडु में विरुधुनगर से राधिका सरथकुमार, तेन्कासी से जॉन पांडियन, शिवगंगा से देवनाथन यादव नमक्कल से के पी रामलिंगम,चेन्नई उत्तर से पॉल कनगराज का प्रत्याशी घोषित किया है। वहीं, पार्टी ने पुडुचेरी से वहां के गृह मंत्री ए नमस्सिवायम को अपना उम्मीदवार बनाया है। 55 वर्षीय नमस्सिवायम 2021 में कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे और मन्नादिपेट निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा के लिए चुने गए थे। केंद्र शासित प्रदेश में 19 अप्रैल को मतदान होगा।



वह पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। उनका मुकाबला मौजूदा कांग्रेस सांसद वी वैथीलिंगम और एआईएडीएमके के तमिजवेंधन से होगा। हालांकि, पर्यवेक्षकों का कहना है कि सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए, लड़ाई कांग्रेस और भाजपा के बीच होगी।

### विपक्षी दलों के किया गिरफ्तारी का विरोध, चुनाव आयोग में पहुंचे

# केजरीवाल के इस्तीफा देने पर पत्नी सुनीता संभाल सकती हैं कमान

एजेंसी | नई दिल्ली/ कोलकाता

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विपक्षी दलों के नेताओं ने कड़ा विरोध किया है। कांग्रेस की अगुवाई में विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के नेताओं ने शुक्रवार को चुनाव आयोग से मुलाकात की। साथ ही चुनाव की घोषणा के बाद राजनीतिक दलों के खिलाफ की जा रही इस तरह की कार्रवाई को गलत बताया और कहा कि यह चुनाव में सभी दलों को समान अवसर उपलब्ध कराने के चुनाव आयोग के निर्देशों और लोकतंत्र के खिलाफ है। इस बीच, यह भी कयास शुरू हो गए हैं कि यदि केजरीवाल इस्तीफा देते हैं तो उनकी जगह सत्ता कौन संभालेगा। सूत्रों का कहना है कि यदि किसी कारण से केजरीवाल को सीएम के पद से इस्तीफा देना पड़ता है तो उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल इस जिम्मेदारी को संभालने के लिए आगे आ सकती हैं। सुनीता अपनी पति की गिरफ्तारी के बाद आगे बढ़कर सरकार पर प्रहार किया है। विपक्षी दलों के नेताओं ने चुनाव आयोग से एक सुर में ईडी सहित दूसरी केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग। विपक्षी नेताओं ने इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार सहित चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखवीर सिंह संधू के सामने पूरा मामला रखने के बाद उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें केजरीवाल की गिरफ्तारी के साथ ही कांग्रेस के बैंक खाते के फ्रीज करने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। मुलाकात के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने पत्रकारों से चर्चा में बताया कि ईडी सहित दूसरी एजेंसियों के दुरुपयोग से जुड़े लगभग 14 उदाहरण भी आयोग को दिए गए है।



#### गिरफ्तारी लोकतंत्र पर हमला: ममता बनर्जी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को लोकतंत्र पर हमला बताया। उन्होंने कहा कि गठबंधन के नेता चुनाव आयोग से मिलकर अपनी आपत्ति दर्ज कराएंगे। ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में आरोप लगाया कि जनता द्वारा चुने गए मुख्यमंत्रियों को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। वहीं जो लोग भाजपा के साथ हैं, उन्हें बेशर्मी के साथ पूरी छूट दी जा रही है।

#### पत्नी बोलीं- सत्ता के अहंकार में मोदी ने कराया गिरफ्तार



अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, आपके तीन बार चुने हुए मुख्यमंत्री को मोदीजी ने सत्ता के अहंकार में गिरफ्तार करवाया। सबको क्रश करने में लगे हैं। यह दिल्ली के लोगो के साथ धोखा है। आपके मुख्यमंत्री हमेशा आपके साथ खड़े रहें हैं।

#### कौन बनेगा मुख्यमंत्री पर चर्चा

आम आदमी पार्टी में यह भी चर्चा आम रही कि अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। सूत्रों की माने तो मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के जेल में होने की वजह से मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज ही कद्दावर नेता बनकर उभरे हैं।

#### गिरफ्तारी उनके कर्मों का फल: अन्ना हजारे



सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने कहा, मैं बहुत दुखी हूं कि अरविंद केजरीवाल जो कभी मेरे साथ काम करते थे, उन्होंने शराब के खिलाफ अपनी आवाज उठाई थी। अब वह खुद शराब नीतियां बना रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी उनके कर्मों के कारण ही हुई है। उन्होंने केजरीवाल को इस तरह की नीति लागू नहीं करने की चेतावनी दी थी। ज्ञात रहे कि केजरीवाल जनलोकपाल बिल आंदोलन के दौरान अन्ना हजारे की कोर टीम में शामिल थे।

## जरूरी खबर

### SC का कविता को जमानत देने से इनकार



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार बीआरएस नेता के कविता को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया है। हालांकि, धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के कुछ प्रावधानों को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर नोटिस जारी किया। न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायाधीश एमएम सुंदरेश और न्यायाधीश बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कविता को निचली अदालत से संपर्क करने को कहा और कहा कि यह एक प्रथा है, जिसका यह अदालत पालन कर रही है और प्रोटोकॉल को नजरअंदाज नहीं कर सकती।

### यूपी मदरसा बोर्ड कानून असंवैधानिक

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को असंवैधानिक करार दिया। कोर्ट ने कहा यह एक्ट धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ है। कोर्ट ने यूपी सरकार को मदरसे में पढ़ने वाले छात्रों को बुनियादी शिक्षा व्यवस्था में समायोजित करने का निर्देश दिया है। मदरसों की जांच के लिए यूपी सरकार ने अक्टूबर 2023 में एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी की टीम मदरसों को हो रही विदेशी फंडिंग की जांच कर रही है। उत्तर प्रदेश में अभी करीब 24 हजार मदरसे चल रहे हैं।

### भोजशाला का एएसआई की टीम ने शुरू किया सर्वे

**धार।** हाई कोर्ट के आदेश पर शुक्रवार सुबह भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की पांच सदस्यीय टीम ने अपने 20 से अधिक सहायकों के साथ मध्य प्रदेश स्थित धार की ऐतिहासिक भोजशाला का सर्वे शुरू किया। सुबह 6.23 बजे परिसर में पहुंची टीम ने करीब साढ़े पांच घंटे महत्वपूर्ण साक्ष्यों की वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी की। टीम ने परिसर में स्थित वर्षों से बंद कक्ष को भी खोलकर जांच की। धार एसपी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि एएसपी, सीएसपी और डीएसपी स्तर के अधिकारियों के साथ ही 200 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात हैं। 60 सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से पूरे क्षेत्र पर चौबीस घंटे नजर रखी जा रही है। कड़ी जांच के बाद ही टीम के साथ कार्य करने वालों को भीतर भेजा गया।

## भूटान यात्रा... पीएम मोदी का भव्य स्वागत



*थिंपू। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार भूटान की यात्रा के तहत थिंपू पहुंचे। इस मौके पर पीएम मोदी का भव्य स्वागत किया गया। पीएम मोदी वहां मौजूद लोगों का अभिवादन करते हुए।*

### पीएम मोदी भूटान की यात्रा पर, कई एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

# भारत-भूटान के बीच दौड़ेगी ट्रेन अन्य क्षेत्रों में भी बढ़ेगा सहयोग

एजेंसी | थिंपू

भारत और भूटान ने दोनों देशों के बीच ऊर्जा, व्यापार, डिजिटल संपर्क, अंतरिक्ष और कृषि के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का फैसला किया है। इसके लिए शुक्रवार को दोनों देशों ने कई सहमति पत्रों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे ने दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि, पर्यावरण और वानिकी तथा पर्यटन जैसे क्षेत्रों में सहयोग और बढ़ाने पर सहमति जताई है। बाद में दोनों नेताओं की मौजूदगी में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। साथ ही दोनों देशों के बीच रेल संपर्क संबंधी समझौते को भी अंतिम रूप दिया गया है।



विदेश मंत्रालय ने एक बयान में एक बयान में यह जानकारी दी है। बयान में कहा गया है कि समझौता ज्ञापन में भारत और भूटान के बीच दो प्रस्तावित रेल संपर्क का प्रावधान किया गया है, जिसमें कोकराझार-गेलेफू रेल संपर्क और बनारहाट-समत्से रेल संपर्क और उनके कार्यान्वयन के तौर-तरीके शामिल हैं।

### मोदी को मिला भूटान का सर्वोच्च सम्मान

पीएम मोदी को शुक्रवार को यहां भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' किया गया। पीएम मोदी ने कहा कि यह सम्मान मेरी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। मैं इस महान भूमि में सभी भारतीयों की ओर से इस सम्मान को स्वीकार करता हूं। भूटान और दिए गए सम्मान का दिल से धन्यवाद करता हूं। इससे पहले पीएम मोदी के दो दिन की यात्रा पर थिंपू पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया।

### दोनों देशों के युवाओं की आकांक्षाएं समान

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और भूटान के युवाओं की आकांक्षाएं और लक्ष्य एक जैसे है। भारत ने 2047 तक विकसित देश बनने का लक्ष्य रखा है, जबकि भूटान ने 2034 तक उच्च आय वाला देश बनने का लक्ष्य रखा है। भूटान के इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए भारत हर कदम पर आपके साथ खड़ा है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और भूटान के बीच संबंध प्राचीन है, लेकिन आधुनिकता के दौरे में दोनों देशों के संबंध नई ऊंचाइयों पर हैं।

## IT नियमों के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट करेगा सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट को देशभर के अलग अलग उच्च न्यायालयों में सूचना प्रौद्योगिकी नियम 2021 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करने का निर्देश दिया है। शीर्ष अदालत ने इस मामले में लंबित सभी याचिकाओं को चार दिनों में दिल्ली हाई कोर्ट में स्थानांतरित करने का भी निर्देश दिया है। न्यायाधीश ऋषिकेश रॉय और न्यायाधीश प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि देशभर के अलग अलग उच्च न्यायालयों में कई याचिकाएं लंबित हैं। इनमें से कई मामले दिल्ली हाईकोर्ट में विचाराधीन हैं। इसलिए सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि विभिन्न उच्च न्यायालयों में मामलों को दिल्ली उच्च न्यायालय में स्थानांतरित किया जाए। शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया है।

### SC का फैसले पर पुनर्विचार से इनकार

## ED को लिखित में बताना होगा गिरफ्तारी का आधार

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को बिना किसी अपवाद के आरोपी की गिरफ्तारी का आधार लिखित रूप में बताना ही होगा। अदालत ने अपने फैसले पर पुनर्विचार करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार की याचिका खारिज करते हुए कहा कि उसके फैसले में कोई त्रुटि नहीं है, जिस पर पुनर्विचार की जरूरत हो। जस्टिस एएस बोपन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने अपने 'चैंबर' में ही समीक्षा याचिका पर विचार किया।

पीठ ने 20 मार्च को सुनाए गए अपने आदेश में कहा, हमने पुनर्विचार याचिकाओं और संबंधित दस्तावेजों पर गंभीरता से विचार किया। हमें आदेश में ऐसी कोई त्रुटि नहीं मिली, जिसे अस्पष्ट माना जा सके। अदालत के आदेश पर पुनर्विचार की जरूरत नहीं है, इसलिए पुनर्विचार याचिकाएं खारिज की जाती हैं। पीठ ने पुनर्विचार याचिका की सुनवाई खुली अदालत में किए जाने का अनुरोध भी अस्वीकार कर दिया।




केंद्र की अपील को ठुकराते हुए कोर्ट ने साफ किया कि ईडी के अधिकारियों को पूरी ईमानदारी के साथ ड्यूटी निभानी चाहिए। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के तीन अक्तूबर के उस आदेश की समीक्षा का आग्रह किया था। इसमें पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशों के साथ-साथ गिरफ्तारी मेमो को भी रद्द कर दिया गया था। साथ ही कोर्ट ने धनशोधन के एक मामले में गुरुग्राम स्थित रियल्टी समूह एम3एम के निदेशकों बसंत बंसल और पंकज बंसल को रिहा करने का निर्देश दिया था।

### गर्मी से पहले गहराने लगा है जल संकट

## देशभर के जलाशयों में महज 38 प्रतिशत बचा है पानी

एजेंसी | नई दिल्ली


गर्मी के मौसम से पहले भारत के 150 प्रमुख जलाशयों में भंडारण क्षमता उनकी कुल क्षमता का केवल 38 प्रतिशत है, जो पिछले दशक की इसी अवधि के औसत से कम है। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। बेंगलुरु जैसे शहर पहले से ही 2,600 मिलियन लीटर प्रतिदिन (एमएलडी) की मांग के मुकाबले लगभग 500 एमएलडी पानी की कमी से जूझ रहे हैं। केंद्रीय जल आयोग के साप्ताहिक बुलेटिन के अनुसार, अन्य राज्यों में से कर्नाटक में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में जल भंडारण के स्तर में कमी दर्ज की गई। हिमाचल प्रदेश, पंजाब, मध्य प्रदेश, त्रिपुरा, राजस्थान, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना और तमिलनाडु सहित कई अन्य राज्यों ने भी पिछले वर्ष की तुलना में कम भंडारण स्तर की सूचना दी है।



### कोसी नदी पर बन रहे पुल का एक हिस्सा गिरा

**सुपौल।** बिहार के सुपौल के बकौर और मधुबनी जिले के भेजा के बीच कोसी नदी पर बन रहे पुल के तीन गार्डर शुक्रवार सुबह गिर गए। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 10 लोग घायल हो गए। हादसा पुल पर स्लैब चढ़ाने के दौरान हुआ। पुल का एक हिस्सा कोसी नदी में गिर गया है। हालांकि गार्डर जहां गिरे, वहां पानी नहीं थाएसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमों ने मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान शुरू किया। एनएचएआई ने पुल हादसे की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम बनाई गई है।

## वायुसेना अध्यक्ष पहुंचे डिफेंस सर्विसेज कॉलेज



*वेलिंगटन। वायुसेना अध्यक्ष एयरचीफ मार्शल वीआर चौधरी ने शुक्रवार को तमिलनाडु के वेलिंगटन स्थित डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज का दौरा किया और वहां 79वें स्टाफ पाठ्यक्रम के भारतीय सशस्त्र बलों और मित्र देशों के छात्र अधिकारियों को संबोधित किया।*

### MP सरकार को नोटिस जारी, सुप्रीम कोर्ट ने कहा...

# राज्यों में लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए बनाएंगे गाइडलाइंस

■ मध्य प्रदेश में लोकायुक्त की नियुक्ति को चुनौती

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि राज्यों में लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्रियों, हाई कोर्टों के मुख्य न्यायाधीशों और प्रतिपक्ष के नेताओं द्वारा अपनाई जाने वाली परामर्श प्रक्रिया के लिए वह गाइडलाइंस बनाएगा। शीर्ष अदालत ने मध्य प्रदेश में लोकायुक्त की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर राज्य सरकार को इस आधार पर नोटिस जारी किया कि नेता प्रतिपक्ष से परामर्श नहीं किया गया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि देशव्यापी असर को ध्यान में रखते हुए इस अदालत के लिए उचित होगा कि ऐसे मामलों में प्रभावी परामर्श के लिए मानदंड निर्धारित करे।

अदालत ने कहा, जब कानून में इस बात का प्रविधान है कि नेता प्रतिपक्ष को चयन समिति में सदस्य होना चाहिए, तो कुछ प्रक्रियागत तौर-तरीके निर्धारित करने होंगे और राज्य को उन्हें कम से कम नामों पर चर्चा का अवसर देना होगा। ऐसा नहीं हो सकता कि एक दिन पहले उन्हें सिर्फ इतना बताया जा रहा है कि उक्त उम्मीदवार पर सहमति देनी है। अदालत को कुछ मानदंड स्थापित करने होंगे अन्यथा समिति में नेता प्रतिपक्ष की उपस्थिति का कोई मतलब नहीं होगा।



राज्य सरकार की ओर से पेश सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श किया गया था और पूरी फाइल नेता प्रतिपक्ष को भेजी गई थी।

मध्य प्रदेश लोकायुक्त एवं उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1981 की जिक्र करते हुए सिंघार ने कहा कि लोकायुक्त की नियुक्ति नेता प्रतिपक्ष और हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की सहमति से की जाती है। इसलिए नियुक्ति करने से पहले राज्य सरकार, मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के बीच उचित परामर्श आवश्यक था।

सिंघार ने दावा किया कि परामर्श नहीं किए जाने के अलावा नियुक्ति में एक और दोष है, क्योंकि न्यायिक या अर्ध-न्यायिक नियुक्तियों के संबंध में परामर्श शब्द के व्यापक अर्थ के विपरीत सिर्फ एक नाम ही अग्रसारित किया गया था।

उन्होंने कहा कि नियुक्ति की समूची प्रक्रिया में मनमानी, बेईमानी और अवैधता की गंध आती है, लिहाजा इसे रद्द किया जाना चाहिए।

### यह है पूरा मामला

शीर्ष अदालत, नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के नेता उमंग सिंघार की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिन्होंने लोकायुक्त के रूप में पूर्व न्यायाधीश सत्येंद्र कुमार सिंह की नियुक्ति को इस आधार पर चुनौती दी है कि उनसे परामर्श नहीं किया गया था। उनकी ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इसे प्रक्रिया का सरासर उपहास करार दिया।

## घुटनों पर मुइज्जू ऋण राहत देने की मांग

**नई दिल्ली/ माले।** अपनी भारत विरोधी बयानबाजी के बाद, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने सुलह का रुख अपनाते हुए कहा कि भारत उनके देश का करीबी सहयोगी बना रहेगा। उन्होंने भारत से मालदीव को ऋण राहत प्रदान करने का आग्रह किया। पिछले साल के अंत तक मालदीव पर भारत का लगभग 40 करोड़ नौ लाख डॉलर का बकाया था। राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद से चीन समर्थक मुइज्जू ने भारत के प्रति सख्त रुख अपनाया था और मांग की थी कि तीन विमानन प्लेटफॉर्म का संचालन करने वाले भारतीय सैन्यकर्मियों को 10 मई तक उनके देश से वापस भेजा जाए।

## जवाहर कला केन्द्र में ब्रज की होरी का आयोजन

# ब्रज की होरी ने मोह लिया मन कृष्णमय हुए कला अनुरागी

बेधड़क | जयपुर

'फिजा में घुलता श्याम रंग, फूलों की बौछार, ब्रज भाषा के मधुर गीत, राधा नाम की रसधार...' कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला जवाहर कला केन्द्र में। होली के अवसर को ध्यान में रखते हुए केन्द्र की ओर से फागोत्सव का आयोजन किया गया। जहां भारतीय कला संस्थान की ओर से अशोक शर्मा व समूह ने फूलों के साथ ब्रजहोरी की प्रस्तुति दी। मंच पर पहुंचे कलाकारों ने श्रीकृष्ण और राधा रानी की मनमोहक छवि को मंच पर साकार किया। 'चंद्र मिटे, सूरज मिटे, मिटे त्रिगुण विश्वास, मिटे ना हरिवंश चंद्र को, मिटे ना नित्य विहार', श्री कृष्ण की वंदना के साथ प्रस्तुति की शुरुआत हुई। इसके बाद कलाकारों ने किशोरी की वंदना की। 'चारों धामों से निराला ब्रज धाम है, कृष्ण को गांव है' पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुति के साथ ब्रज यात्रा के सौंदर्य को साकार किया गया। रंगायन में मौजूद दर्शकगण कृष्ण रंग में रंगे दिखाई दिए। इसी बीच मयूर नृत्य ने सभी को रोमांचित कर दिया।







### फूलों की होली में अधिकारी शामिल

'आयो रसिया, मोर बण आयो रसिया' गीत पर मयूर नृत्य कर कलाकारों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री कृष्ण की मनमोहक छवि ने दर्शकों का मन मोह लिया। 'आज ब्रज में होरी रे रसिया' गीत पर फूलों की होली से जब समां बंधा तो सभी झूम उठे। इस मौके पर जवाहर कला केंद्र के अधिकारी भी शामिल हुए और फूलों की होली खेली और कलाकारों पर फूलों की बरसात करते हुए स्वयं को प्रोग्राम का हिस्सा बनाया।

### कलाकारों का किया सम्मान

सभी ने एक साथ मिलकर जयपुराइट्स को होली की शुभकामनाएं दीं और पूरा माहौल जयकारों से गूंज उठा। दर्शकों ने भी स्वयं को कला और प्रोग्राम का हिस्सा पाया और अपने स्थान से ही उन्होंने कलाकारों का जोरदार स्वागत करते हुए खुशियां बांटी।

## निशुल्क भोजन का शुभारंभ



**बेधड़क. जयपुर।** परमार्थ व आध्यात्मिक समिति की ओर से जयपुरिया हॉस्पिटल में मरीजों व उनके परिवारजनों को नि:शुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने किया। परमार्थ आध्यात्मिक समिति के मुख्य संरक्षक आर के अग्रवाल ने बताया कि एसएमएस अस्पताल, बांगड़ हॉस्पिटल, जेके लोन अस्पताल में पहले से ही नि:शुल्क भोजन की व्यवस्था की जा रही है। कार्यक्रम संयोजक मनोज पाटनी ने बताया कि शुक्रवार से नियमित रूप से जयपुरिया अस्पताल में मरीजों व उनके परिवारजनों को नि:शुल्क भोजन वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर समिति संरक्षक डॉक्टर एन. के खींची, अध्यक्ष श्याम विजय, एन. के जैन, मनोज पाटनी, जयपुरिया अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर महेश मंगल, डॉक्टर सुरेंद्र शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, रामावतार माहेश्वरी, नरेंद्र कुमार टांक, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, बनवारी लाल विजय, द्वारका प्रसाद अग्रवाल, सत्यनारायण गुप्ता, कैलाश चंद गंगवाल, सुरेश कुमार गुप्ता, राधेश्याम व अन्य लोग उपस्थित थे।

## आचार्य सुनील सागर का प्रवेश



**बेधड़क. जयपुर।** आचार्य सुनील सागर महाराज ससंघ के मंगल प्रवेश पर जयपुर के मुहाने पर कानोता ग्राम पंचायत के शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर बगराना समिति ने पाद प्रक्षालन कर अगवानी की। आहार चर्या रिंग रोड स्थित बावन फिट हनुमान मन्दिर पर सम्पन्न हुई। धर्म जागृति संस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष पदम चन्द बिलाला ने बताया कि दोपहर पश्चात शांति कुमार ममता सोगानी के फार्म हाउस हाईवा हेवन की ओर विहार हुआ तो भक्तों ने गाजे बाजे से जयपुर मंगल प्रवेश कराया। इस अवसर पर जग्गा की बावड़ी, झोटवाड़ा, वैशाली नगर,जनकपुरी जयपुर जैन समाज के साथ-साथ धर्म जागृति संस्थान राजस्थान प्रांत के पदाधिकारी संजय बड़जात्या, पंकज लुहाड़िया आदि भी उपस्थित रहे। मुनि संघ प्रबंध समिति के मंत्री ओम प्रकाश काला के अनुसार शनिवार को प्रातः पद विहार करते हुए जग्गा की बावड़ी के दर्शन उपरांत राणा जी की नशिया चूलगिरी पर प्रातः प्रवेश होगा। वैशाली नगर जैन समाज अध्यक्ष गजेंद्र जैन बड़जात्या के अनुसार 27 मार्च से 1 अप्रैल तक भव्य दिव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन होगा।

## City इवेंट्स

### लॉन्चिंग पार्टी में किया गेट टू गेदर



**बेधड़क. जयपुर।** कैसे जयपुर की वुमंस एंटरप्रेन्योर अपने परिवार के साथ-साथ स्वयं के पैशन को फॉलो कर सबके लिए एक प्रेरणा बन रही हैं। यह सब हमने बताने की कोशिश की है। यह कहना था एफबीएस वुमंस नेटवर्किंग फोरम के प्रोग्राम में आई लेडीज का, जिन्होंने मैगजीन के दूसरे एडिशन को लॉन्च किया। इस मौके पर ममता भूपेश बैरवा-जनरल सेक्रेटरी, ऑल इंडिया महिला कांग्रेस, सुरभि मिश्रा-स्क्वेश प्लेयर, प्रांशु पाटनी-को फाउंडर हेलो इंगलिश ने पार्टिसिपेट किया। फाउंडर मेघा गुप्ता ने बताया कि गूगल ऑफ जयपुर थीम पर बनाई गई है। प्रोग्राम में वंदना चांदना ने फोटोग्राफी स्किल्स के साथ सभी गेस्ट्स को पर्सन्लाइस्ड पिक्चर्स भेंट कर उनको रोमांचित कर दिया। इवेंट को पावरफुल बनाने के लिए डॉ. रिचा शर्मा, वैशाली मोदी और प्राची खंडेलवाल के सहयोग से मनाली गुप्ता ने एंटरप्रेन्योर को अवॉर्ड्स दिए।

### एक दिन में दो जटिल प्रत्यारोपण

**बेधड़क. जयपुर।** शैल्बी हॉस्पिटल के वरिष्ठ जोड़ प्रत्यारोपण व



आर्थ्रोस्कोपी विशेषज्ञ डॉ. दिलीप मेहता ने 70 वर्षीय पुरुष जो बाएं कूल्हे के दर्द से गत 30 वर्षों से पीड़ित थे और उनका कूल्हा 4-5 सेमी ऊपर चढ़ गया था, के हिप में जम्बो रिविजन कप व रिविजन स्टेम का इस्तेमाल कर उन्हें नया जीवन दिया। मरीज अगले ही दिन चलने लगा। उसी दिन 85 वर्षीय महिला, जिनके पूरा हिप जॉइन्ट और मांसपेसियां खराब हो गई थीं, के डॉ. दिलीप ने सिमेन्टिड ड्युअल मोबिलिटी कप एवं रिविजन जोड़ का इस्तेमाल किया। शैल्बी हॉस्पिटल जयपुर में डॉ. मेहता वरिष्ठ जोड़ प्रत्यारोपण, कॉम्प्लेक्स प्राइमरी एवं रिविजन सर्जन हैं, जो अमेरिका एवं जर्मनी से प्रशिक्षित हैं। डॉ. मेहता जोड़ प्रत्यारोपण में 15 वर्षों से अधिक समय से काम कर रहे हैं। डॉ. मेहता नवीनतम तकनीक से कॉम्प्लेक्स जोड़ एवं लिगामेंट की सभी चोट के विशेषज्ञ हैं।

### कृष्ण बलराम मंदिर में गौर कथा



**बेधड़क. जयपुर।** जगतपुरा स्थित श्री कृष्ण बलराम मंदिर आध्यात्म के रंगों में रंग गया है। मंदिर के कृष्ण हॉल में गौर कथा का आयोजन किया जा रहा है। 25 मार्च को गौर पूर्णिमा का उत्सव मनाया जाएगा। मंदिर अध्यक्ष अमितासन दास भगवान का महाअभिषेक पंचगव्य, विभिन्न फलों के रस से व 108 कलशों के जल से करेंगे और 56 भोग लगाया जाएगा। अमितासन दास ने कहा कि उत्सव श्री चैतन्य महाप्रभु का प्राकट्य दिवस है। उनके सुनहरे रंग के कारण उन्हें गौरंग महाप्रभु कहा जाता है।

## बिहार दिवस पर राज्यपाल ने किया संबोधित

# हम सांस्कृतिक रूप से भले अलग हों, पर भावनात्मक रूप में एक रहें




बेधड़क | जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि हम भले ही सांस्कृतिक और भौगोलिक रूप से अलग-अलग हों, लेकिन हमें भावनात्मक रूप से एक रहना चाहिए। यही एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा है। वे 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर राजभवन में मनाए गए बिहार दिवस समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हम भले ही किसी प्रांत के हों, लेकिन हमें स्थानीय संस्कृति के लोगों में इतना मिल जाना चाहिए कि अपने-पराए का भेद मिट जाए। राज्यपाल कलराज मिश्र ने बिहार का इतिहास बताते हुए वहां की धरती को सरस्वती पुत्रों की धरती कहा। राजस्थान में अपने अनुभवों को साझा करते हुए प्रमुख सचिव के के पाठक ने आशा व्यक्त की कि बिहार का प्राचीन गौरव एक बार फिर से लौट कर आएगा।

इस अवसर पर संत कुमार चौधरी ने बताया कि राजस्थान उनकी कर्म भूमि है और यह सभी जगहों से बेहतर है। यहां की भूमि सहिष्णु है वो सभी को अपने में समाहित कर लेती है।

प्रवासी मैथिल महिलाओं की संस्था मैथिली महिला मंच अध्यक्ष बबीता झा ने कहा कि मैथिली के प्रचार-प्रसार में जितना सहयोग राजस्थान के लोगों ने किया है वह अतुलनीय है। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वी के सिंह व अन्य कई अधिकारी उपस्थित थे।

## राजस्थानी हास्य नाटक का मंचन

# लाडो बिटिया को पढ़ाएंगे, तभी गतिमान होगा लंगड़ा समाज



बेधड़क | जयपुर

रवींद्र मंच के 60 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती पर कला, साहित्य, संस्कृति व पुरातत्व विभाग, राजस्थान तथा रवींद्र मंच, जयपुर के सहयोग से अनुपम रंग थिएटर सोसाइटी द्वारा महिला सशक्तीकरण विषय पर राजस्थानी हास्य नाटक 'लाडो री सीख' का मंचन किया गया। वरिष्ठ रंगकर्मी केके कोहली के निर्देशन में तैयार नाटक से आमजन को संदेश दिया गया कि समाज में बेटों को खुली छूट दी जाती है और बेटियों पर पाबंधी लगाई जाती है। बेटियों को कमजोर समझा जाता है। इस तरह के भेद-भाव के कारण ही बेटियों का मनोबल गिरता है, जबकि वे किसी से कम नहीं हैं। सिर्फ उन्हें एक अवसर प्रदान करने की जरूरत है।

नाटक की मुख्य पात्र रानी एक गरीब बाप की लड़की है और रानी का पिता एक मंडी में मजदूरी करता है। वह अपनी बिटिया को शिक्षित बनाने के लिए हैसियत के हिसाब से सबकुछ करता है और एक दिन रानी अपने पिता के ख्वाबों को पूरा करती है। इस प्रकार नाटक लाडो री सीख से आमजन में सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया गया कि समाज को बेटे और बेटियों के बीच भेद-भाव नहीं करना चाहिए। नाटक में महेश महावर, मीना गीदवानी, विनोद कुमार, भगवती, ऋतू सैनी, दुर्गा प्रसाद मंडावरा, डीपी सैनी, अर्जुन सिंह राठौड़ आदि कलाकारों ने अभिनय किया।

**कार्यक्रम** ब्राह्मण महापंचायत के अभियान के पोस्टर का विमोचन

# लोगों को तिलक होली खेलने के लिए करेंगे जागरूक

बेधड़क | जयपुर

'हम शुरुआत घर से ही करेंगे। फिर गली-मोहल्ले में लोगों को अवेयर करेंगे और इस तरह पूरे जयपुर और प्रदेश को तिलक होली के लिए जागरूक किया जाएगा। इसका आगाज हो चुका है मुहिम में सेलिब्रिटी से लेकर जनप्रतिनिधियों को जोड़ा जा रहा है।'

यह कहना था ब्राह्मण महापंचायत की वर्षगांठ पर ब्रह्म शक्ति संघ के पदाधिकारियों का, जिन्होंने तिलक होली के पोस्टर का विमोचन किया। साथ ही विभिन्न ब्राह्मण संगठनों का सम्मान समारोह ब्रह्म शक्ति संघ ने किया, जिसमें तिलक होली अभियान व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल द्विवेदी ने पोस्टर विमोचन किया।



### जलाशय कम हो गए, आबादी बढ़ गई

राहुल द्विवेदी ने बताया कि उद्देश्य होली पर पानी की बर्बादी को रोकने का है। गुलाल से तिलक लगाकर होली खेलने को प्रेरित करना है। वहीं, विशेष भूमिका निर्वहन करने वाले ब्राह्मण बंधुओं का सम्मान किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए भी करना जरूरी है, क्योंकि जलाशय कम हो गए हैं।

### कार्यकर्ताओं का सम्मान

संघ संयोजक सुनील मुद्गल ने बताया कि ब्राह्मण महापंचायत में जिन कार्यकर्ताओं ने अपनी विशेष भूमिका निभाई संघ द्वारा उनको सम्मानित किया गया। इस मौके पर ब्रह्म शक्ति संघ प्रदेश महामंत्री एडवोकेट राजेंद्र शर्मा, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महामंत्री बबीता शर्मा, जयपुर जिला अध्यक्ष कुलदीप सिरोलिया, युवा ब्राह्मण नेता साहिल शर्मा, आशीष हाल्दानिया आदि उपस्थित रहे। विप्र महासभा अध्यक्ष सुनील उदिया, परशुराम सेना अध्यक्ष एडवोकेट अनिल चतुर्वेदी, अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण सभा अध्यक्ष पंकज जोशी को सम्मानित किया गया।

अपनी शांति के लिए तपस्या करना सबसे बड़ा स्वार्थ है,
औरों की शांति के लिए अशांत होना ही सच्ची साधना है।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### शिकागो से 25 मार्च को शुरू होगी भगवान राम की शोभायात्रा

# अमेरिका में गूंजेगी रामधुनी, 'रामयात्रा' रचेगी इतिहास

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण व श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भारत के साथ विश्व भर में फैले हिंदू समुदाय में हर्ष का माहौल है। इसी कड़ी में अमेरिका के शिकागो में 25 मार्च से राम मंदिर रथयात्रा शुरू होने जा रही है। यह रथयात्रा अमेरिका के 48 राज्यों के 851 मंदिरों में जाएगी। 48 दिनों तक चलने वाली यह यात्रा 8000 मील से अधिक की दूरी तय करेगी। रथ यात्रा का समापन 23 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर इलिनोइस राज्य के शुगर ग्रोव में होगा। रथ यात्रा का आयोजन विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका (वीएचपीए) की ओर से किया जा रहा है। वीएचपीए के महासचिव अमिताभ मित्तल ने बताया कि रथ को टोयोटा सिएना वैन के ऊपर बनाया गया है। इसमें भगवान राम, देवी सीता, लक्ष्मण और हनुमान की मूर्तियां होंगी। इसके साथ, अयोध्या के राम मंदिर का विशेष प्रसाद और प्राण प्रतिष्ठा पूजित अक्षत कलश भी होगा। कनाडा में भी रथ यात्रा निकाली जाएगी, जिसका आयोजन विश्व हिंदू परिषद कनाडा द्वारा किया जाएगा। यह वहां 150 मंदिरों से गुजरेगी। हिंदू मंदिर सशक्तिकरण परिषद की तेजल शाह ने कहा कि इसका उद्देश्य लोगों को हिंदू धर्म के प्रति जागरूक करना है।



### छोटे मंदिर भी होंगे यात्रा में शामिल

एचएमईसी अमेरिका के मंदिरों की शीर्ष संस्था है। तेजल ने कहा कि हमारे और हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए जागरूक होना और हिंदू धर्म के प्रचार प्रसार के लिए एकजुटता जरूरी है। यह रथ यात्रा सभी हिंदुओं को एकजुट होने का अवसर दे रही है। रथ यात्रा अमेरिका के बड़े मंदिरों से ही नहीं बल्कि छोटे-छोटे मंदिरों से भी गुजरेगी। हम सभी मंदिरों में जाएंगे। अमिताभ मित्तल ने बताया कि यात्रा के आयोजन के लिए हमारे साथ बहुत से लोग जुड़ रहे हैं। अमेरिका में हिंदू समुदाय द्वारा आयोजित इस प्रकार की यह पहली यात्रा है।

### प्रतिष्ठा के दिन भी निकली थी यात्रा

अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में अमेरिका के ह्यूस्टन में श्री सीता राम फाउंडेशन की ओर से शोभायात्रा निकाली गई थी। सैकड़ों लोगों ने भजन, सुंदरकांड पाठ, रामलीला के साथ हवन कर अयोध्या में रामलला की प्रतिष्ठा का जश्न मनाया था। इसके बाद भगवान राम की शोभायात्रा निकाली गई थी और अयोध्या से विशेष तौर पर लाए गए प्रसाद का वितरण किया गया था।

### पाकिस्तानी महिला पर कुरान के पन्ने जलाने का आरोप

# ईशनिंदा में महिला को उम्रकैद

**एजेंसी** | लाहौर

इस्लाम की पवित्र किताब के पन्ने जलाने के मामले में एक पाकिस्तानी महिला को आजीवन कारावास की सजा हुई है। पाकिस्तान के ईशनिंदा कानूनों के तहत, धर्म या धार्मिक शख्सियतों का अपमान करने का दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को मौत तक की सजा दी जा सकती है।

हालांकि, अधिकारियों ने अभी तक ईशनिंदा के लिए मौत की सजा नहीं दी है, क्योंकि केवल आरोप से दंगे भड़क सकते हैं। सरकारी अभियोजक मोहजिब अवैस ने कहा कि महिला आसिया बीबी को 2021 में ईशनिंदा के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। दरअसल, निवासियों ने दावा किया था कि आरोपित महिला ने कुरान के पन्ने जलाकर उसका अपमान किया। अवैस ने कहा कि न्यायाधीश ने बुधवार को पूर्वी शहर लाहौर में फैसले की घोषणा की। हालांकि, बीबी ने अपने मुकदमे के दौरान आरोप से इनकार किया था।

इससे पहले मार्च में, पंजाब प्रांत के गुजरांवाला की एक अन्य अदालत ने इस्लाम के पैगंबर मुहम्मद का अपमान करने का दोषी पाते हुए दो अलग-अलग मामलों में एक 22 वर्षीय छात्र को मौत की सजा सुनाई और एक किशोर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।



### ईसाई महिला को भी हुई थी सजा

इसी नाम की एक ईसाई महिला को पाकिस्तान में मौत की सजा पर आठ साल बिताने के बाद 2019 में ईशनिंदा से बरी किया गया था। अपनी रिहाई के बाद इस्लामी चरमपंथियों से मिल रही मौत की धमकियों से बचने के लिए वह कनाडा चली गईं। बुधवार के मामले में एक अलग महिला शामिल थी। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार समूहों का कहना है कि ईशनिंदा के आरोपों का इस्तेमाल अक्सर धार्मिक अल्पसंख्यकों को डराने और व्यक्तिगत हिसाब बराबर करने के लिए किया जाता है।

### बाप-बेटे की काली करतूत, पीएम ने मांगा 1 लाख यूरो का हर्जाना

# इटली की पीएम का बनाया डीप फेक वीडियो

**एजेंसी** | रोम

इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी को डीप फेक पोर्नोग्राफिक मामले में 2 जुलाई को अदालत में गवाही देने के लिए कहा गया है। मेलोनी का आरोप है कि उनकी सहमति के बिना उनका डीपफेक वीडियो और तस्वीर बनाई गई और उसका गलत इस्तेमाल किया गया। मेलोनी ने इस मामले में लगभग एक लाख यूरो हर्जाने की मांग की है। दो लोगों पर आरोप है जो बाप-बेटे हैं, जिन्होंने उनके चेहरे का इस्तेमाल कर अश्लील तस्वीरें बनाई और उन्हें ऑनलाइन पोस्ट कर दिया। मेलोनी हर्जाने के पैसों को घरेलू हिंसा पीड़ित महिलाओं के लिए डोनेट करेंगी।



### प्रधानमंत्री बनने से पहले का मामला

उल्लेखनीय है कि मेलोनी जब प्रधानमंत्री नहीं बनी थी ये घटना उस समय की है। इस मामले की जांच कर रहे अधिकारियों ने बताया कि इस काम में एक पिता और बेटे का हाथ है, जिन्होंने कथित तौर पर अमेरिका स्थित पोर्न साइट पर डीप फेक तस्वीरें अपलोड की थीं। घटना वर्ष 2020 के दौरान हुई थी, तब मेलोनी ब्रदर्स ऑफ इटली पार्टी की प्रमुख थीं।

## चीन ने ताइवान में भेजे 36 विमान

**ताइपे।** चीन और ताइवान के बीच की तकरार बढ़ती नजर आ रही है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि उसने शुक्रवार को 24 घंटे के भीतर ताइवान के आसपास 36 चीनी विमान और छह पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी जहाजों देखे हैं। लगातार चीन की ओर से ऐसी हलचल देखी जा रही है, जिसमें यह अब तक की सबसे अधिक संख्या है। ताइवान रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 20 विमान ताइवान के दक्षिण-पश्चिमी, दक्षिण-पूर्वी और पूर्वी ADIZ में प्रवेश कर गए।

### इंडोनेशिया में हुआ हादसा

# नाव पलटने से 70 रोहिंग्याओं की मौत!

**एजेंसी** | जकार्ता


इंडोनेशिया के आचे प्रांत के तट पर रोहिंग्याओं को लेकर जा रही एक नाव समुद्र में पलट गई। इस हादसे में 70 रोहिंग्याओं को मृत या लापता मान लिया गया है, जबकि 75 को बचा लिया गया है। यूएनएचसीआर शरणार्थी एजेंसी ने शुक्रवार को इस हादसे की जानकारी दी। यूएनएचसीआर ने इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन के साथ एक संयुक्त बयान में कहा कि अगर मरने वालों की संख्या की पुष्टि हो जाती है, तो यह इस साल अब तक की सबसे बड़ी जानमाल की हानि होगी। यूएनएचसीआर एशिया के प्रवक्ता बाबर बलूच ने रॉयटर्स को बताया कि इस नाव पर 151 लोग सवार थे, जिनमें से लगभग 75 को स्थानीय अधिकारियों ने निकाल लिया है, जबकि बाकी को मृत या लापता मान लिया गया है। आचे में यूएनएचसीआर के सुरक्षा सहयोगी फैसल रहमान ने कहा कि बचाए गए रोहिंग्या अच्छी स्थिति में हैं और पश्चिम आचे में रेड क्रॉस भवन में हैं। गौरतलब है कि, बीते कुछ सालों में रोहिंग्याओं को बौद्ध-बहुल म्यांमार को छोड़ना पड़ा है। उन्होंने दक्षिण एशियाई देशों में शरण के लिए रुख किया। म्यांमार में हिंसा के करीब 7,40,000 रोहिंग्या बांग्लादेश में बसे थे लेकिन बांग्लादेश के भीड़भाड़ वाले शिविरों से भागकर रोहिंग्या पड़ोसी देशों में शरण लेने का प्रयास कर रहे हैं।

### न्यूरालिंक चिप का कमाल

# लकवाग्रस्त शख्स ने खेला शतरंज!

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

एलन मस्क ने अपनी कंपनी न्यूरालिंक के जरिए ब्रेन कंप्यूटर इंटरफेस टेक्नोलॉजी में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। इसमें एक लकवाग्रस्त शख्स ने कंप्यूटर कर्सर को नियंत्रित करते हुए सिर्फ विचारों के जरिए शतरंज का खेल खेला है। इससे जुड़ा एक वीडियो न्यूरोलिंक ने एक्स पर शेयर किया है। 29 वर्षीय नोलैंड अर्बाघ नाम का शख्स कंधों के नीचे से लकवाग्रस्त है। उसने न्यूरालिंक के वीडियो में कर्सर को दिमाग से कंट्रोल करने का दावा किया है। उसने कहा, 'स्क्रीन पर वह कर्सर देख रहे हैं। वह मैं हूं, सब दिमागी शक्ति है।' आठ साल पहले एक भीषण हादसे में नोलैंड का शरीर कंधों के नीचे लकवाग्रस्त हो गया था। इसी साल जनवरी में उनके दिमाग में न्यूरालिंक चिप लगाई गई थी। नोलैंड अर्बाघ ने कहा कि उन्होंने हादसे के बाद गेम खेलना छोड़ दिया था, लेकिन अब इसे वह एक बार फिर खेल सकते हैं। न्यूरालिंक को मस्क ने 2016 में दिव्यांगों की दुनिया बदलने के लिए एक मेडिकल रिसर्च इकाई के तौर पर स्थापित किया था।



### सर्जरी को बताया आसान

न्यूरालिंक टेक्नोलॉजी में एक परिष्कृत प्रत्यारोपण प्रक्रिया शामिल है, जिसमें एक रोबोट दिमाग में धागे जैसा इलेक्ट्रोड डालता है। इससे तंत्रिका गतिविधि और कंप्यूटिंग उपकरणों के बीच संचार सक्षम होता है। अर्बाघ ने अपने सर्जरी के अनुभव को बेहद आसान बताया। रिपोर्ट्स के मुताबिक जिस दिन सर्जरी होती है, उसी दिन घर वापस लौटा जा सकता है। अर्बाघ ने कहा कि वह न्यूरालिंक का हिस्सा बनकर खुद को भाग्यशाली समझते हैं।

### चिप के जरिए देख सकेंगे दृष्टिहीन

न्यूरालिंक डिवाइस सिक्के के आकार का है, जिसका टेस्ट अभी चल रहा है। अगर यह कामयाब रहा तो एक क्रांतिकारी बदलाव आएगा। कई रिपोर्ट्स कहती हैं कि चिप के जरिए दृष्टिहीन लोग देख सकेंगे। जिन लोगों का शरीर लकवाग्रस्त होगा वह चलने में सक्षम हो सकते हैं। सितंबर 2023 में मस्क की ब्रेन-चिप कंपनी को इंसानों पर ट्रायल की इजाजत मिली थी। हालांकि न्यूरालिंक की क्षमता को लेकर कई तरह की चिंताएं भी आ चुकी हैं।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl